जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, सोमवार 27 मार्च, 2023




ओसवाल सोप ग्रुप
OSWAL SOAP GROUP
SINCE
ओसवाल
1956
हर रिश्ते का रखे ख्याल...
6 करोड़ परिवारों का विश्वास
जब अपने घर का हो सवाल, तो सिर्फ ओसवाल
क्वालिटी प्रोडक्ट्स की विशाल श्रृंखला
ओसवाल सोप
1kg
डिशवॉश टब
1kg
व्हाइट सोप
1kg
वॉशिंग पाउडर
1kg
डिटर्जेंट पाउडर
100g
नहाने का साबुन
100g
ग्लिसरिन बाथ सोप
250ml
लिक्विड हैंड वॉश
500ml
लिक्विड डिशवॉश
1Ltr.
डिटर्जेंट लिक्विड
1Ltr.
टॉयलेट क्लीनर
1kg
DESI KHAND
देसी खांड
1kg
ओसवाल चाय
चाय पत्ती
250g
डस्ट चाय
800g
POHA
पोहा
1kg
OSF
Jeera
जीरा
1kg
OSWAL ROCK SALT
सैंधा नमक
1kg
OSWAL BLACK SALT
काला नमक
1kg
Oswal Premium Basmati Rice
बासमती चावल
500g
OSF MASALE
TURMERIC POWDER
हल्दी पाउडर
1kg
OSF MASALE
CHILLY POWDER
मिर्च पाउडर
500g
OSF MASALE
CORIANDER POWDER
धनिया पाउडर
1Ltr. 5Ltr. 500ml
कच्ची घानी तेल
1Ltr. 5Ltr. 500ml
रिफाइंड सोयाबीन तेल
1Ltr.
Refined Soyabean Oil
रिफाइंड सोयाबीन तेल पाउच
5Ltr. 1Ltr.
मूंगफली तेल
50g
अगरबत्ती
OSWAL
घास की झाड़ु
1kg
CHANA DAL
चना दाल
1kg
MOONG DAL
मूंग दाल
1kg
HARI MOONG DAL
हरी मूंग दाल
1kg
KABULI CHANA
काबुली चना
1kg
TOOR DAL
तूअर दाल
1kg
URAD DHULI DAL
उड़द धुली दाल
अब घर बैठे मँगवाए ओसवाल उत्पाद
ओसवाल रिटेल शॉप्स की जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
Follow us on :
OswalSoap.com
अधिक जानकारी के लिए
+91 9116171956, 9680201956 पर कॉल करें
Marketed by Uttam Chand Desraj
नकली माल से सावधान
स्कैन करें और ओसवाल के उत्पाद खरीदें।
GET IT ON Google Play

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**How the British Loved To Hunt Genda** British, they took to this "sport" of hunting the rhino enthusiastically and usually hunted from elephant back.

**Pind Da Swaad**

**Accessories Your Workdays!** Accessorising is always the best way to make an impressive fashion statement



*वूहान के लाइव फूड मार्केट से एकत्रित नए जैनटिक डेटा ने कोविड -19 का सम्बंध रकून डॉग से जोड़ा है। शोध में शामिल वैज्ञानिकों का कहना है कि, इस खुलासे से इस सिद्धांत को बल मिलता है कि वूहान लाइव मार्केट में संक्रमित जानवर बिकने के लिए आया और इससे करोना वायरस महामारी फैली थी। एक जनवरी 2022 को हुआनान सी फूड मार्केट के बंद होने के बाद दो माह के भीतर वहां की स्टॉल्स से एकत्रित स्वॉब में पहले ह्यूमन डी.एन.ए. और कोविड वायरस पाया गया था। गत वर्ष जब ये नतीजे छपे थे, तब चीन के शोधकर्ताओं ने कहा था कि, सैम्पल्स में जानवर का डी.एन.ए. नहीं है। पर उक्त निष्कर्ष को वैज्ञानिकों की एक अन्तर्राष्ट्रीय टीम ने पलट दिया है। चीन की टीम ने साइन्टिफिक डेटा बेस ''गिसैड'' को जो जीन सीक्वैंस पोस्ट किए थे उनके विश्लेषण से पता चला है कि, कोविड पॉज़िटिव सैम्पल्स में रकून डॉग्स का डी.एन.ए. भी था तथा अन्य स्तनपायी जीवों, जिनमें सिविट भी है, के डी.एन.ए. के संकेत भी पाए गए। कैलिफोर्निया के स्क्रिप्स रिसर्च के इवोल्यूश्नरी बायॉलजिस्ट, प्रोफेसर क्रिस्टिअन एंडरसन ने कहा कि, यह डेटा इस दिशा में एक और संकेत है कि, कोविड वूहान मार्केट से उपजा था। हाल ही में, अपलोड किए गए जीन सीक्वैंस को फ्रैंच नैशनल सैंटर फॉर साइन्टिफिक रिसर्च की वैज्ञानिक, फ्लोरैंस डीबा ने चिन्हित किया और उन्होंने ही एंडरसन और यूनिवर्सिटी ऑफ एरिज़ोना के वैज्ञानिक, माइकल वोरोबी को इसके बारे में चेतावनी दी। नवीनतम जैनटिक डेटा यह साबित नहीं करता कि, रकून डॉग्स या अन्य स्तनपायी करोना संक्रमित थे और उनसे यह रोग बाजार के लोगों में फैला। यदि जानवर संक्रमित थे तो हो सकता है उन्हें यह वायरस संक्रमित इंसानों से मिला हो। लेकिन निष्कर्ष में यह संभावना अवश्य जताई गई है कि, कोविड का कारण एक संक्रमित जानवर था, और अंततः अवैध वन्यजीव व्यापार भी। प्रश्न यह पूछा जा रहा है कि, चीन की टीम ने यह जैनेटिक डेटा पहले जारी क्यों नहीं किया। यह भी स्पष्ट नहीं है कि, बाद में जीसैड साइट से ये डेटा क्यों हटा लिया गया। लंदन के फ्रांसिस क्रिक इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक डॉ. जोनाथन स्टॉय ने कहा, ''कोविड संक्रमित रैकून डॉग की बात सामने आने से यह संभावना मजबूत होती है कि, करोना वायरस संक्रमित फार्म एनिमल्स, कोविड संक्रमण फैलने से पहले की घटनाओं की एक महत्वपूर्ण कड़ी हो सकते हैं।*

# 'क्या एक शहीद प्रधानमंत्री का बेटा देश का अपमान कर सकता है?'

## प्रियंका गांधी ने राजघाट के समीप कांग्रेस के सत्याग्रह में कहा, एक शहीद के बेटे को ''मीर जाफर और देशद्रोही'' कहा जा रहा है, क्या यह उस प्रधानमंत्री का अपमान नहीं है, जिसने देश के लिए अपनी जान दे दी

- **प्रियंका ने मई 1991 में अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अंतिम यात्रा को याद करते हुए अपना भाषण शुरू किया। प्रियंका ने कहा कि, अपने पिता की मौत से राहुल इतना आहत थे कि, वे सेना की गाड़ी के पीछे-पीछे पैदल चलकर राजघाट पहुँचे थे और अपने पिता को मुखाग्नि दी थी।**
- **राजघाट के बाहर 'संकल्प सत्याग्रह में जमा हुए लोगों से वाड्रा ने कहा, मेरे परिवार ने खून से इस देश में लोकतंत्र को सींचा है। हम इस देश में लोकतंत्र के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।**

नई दिल्ली, 26 मार्च। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को कहा कि, देश को जोड़ने के लिए हज़ारों किलोमीटर चलने वाला शहीद प्रधानमंत्री का बेटा कभी भी देश का अपमान नहीं कर सकता है। वहीं कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ रविवार को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन किया। प्रियंका गांधी वाड्रा यहां महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर एक सभा को संबोधित कर रही थीं।

प्रियंका ने मई 1991 में अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अंतिम यात्रा को याद करते हुए अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने कहा कि, राजीव के पार्थिव शरीर को ले जाने वाली बंदूक की गाड़ी के तीन मूर्ति भवन से निकलने के कुछ मिनट बाद, राहुल ने वाहन से उतरने पर जोर दिया। मेरी मां ने राहुल गांधी को ऐसा नहीं करने के लिए कहा ... तब सुरक्षा भी एक चिंता का प्रमुख विषय था। लेकिन राहुल ने जोर दिया ... मैंने अपनी मां से कहा कि, राहुल गांधी को नीचे उतार दो।

प्रियंका ने कहा, राहुल वाहन से उतर गये और सेना के ट्रक के पीछे चलने लगे। तीन मूर्ति से ... वे तपती धूप में अपने पिता के शव के पीछे-पीछे चलते हुए यहां पहुंचे... और उन्होंने चिता को मुखाग्नि दी। मेरे दिमाग में वह तस्वीर आज भी ताजा है- मेरे पिता का पार्थिव शरीर राष्ट्रीय ध्वज में लिपटा हुआ था। उस शहीद पिता का संसद में अपमान होता है, उस शहीद के बेटे को देशद्रोही कहते हैं... आप उसे मीर जाफर कहते हैं, उसकी मां का अपमान करते हैं, आपके मंत्री संसद में मेरी मां का अपमान करते हैं, आपका एक मुख्यमंत्री कहता है कि, राहुल गांधी नहीं बोलते पता है कि उसके पिता हैं।

प्रियंका ने कहा कि, समय आ गया है कि ''अहंकारी सरकार'' के खिलाफ आवाज उठाई जाए, क्योंकि राहुल गांधी को चुनाव लड़ने से रोकना देश और लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि, उद्योगपति गौतम अडानी को लेकर प्रधानमंत्री से सवाल पूछने के लिए राहुल गांधी को अयोग्य ठहराया गया है और जनता इस कार्रवाई के लिए जिम्मेदार लोगों को करारा जवाब देगी।

राजघाट के बाहर 'संकल्प सत्याग्रह में जमा हुए लोगों से वाड्रा ने कहा, मेरे परिवार ने खून से इस देश में लोकतंत्र को सींचा है। हम इस देश में लोकतंत्र के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। कांग्रेस के महान नेताओं ने इस देश में लोकतंत्र की नींव रखी है। उन्होंने कहा, समय आ गया है और हम अब चुप रहने वालों में से नहीं हैं। वाड्रा ने पूछा कि, क्या शहीद प्रधानमंत्री का बेटा देश का अपमान कर सकता है और कहा, यह उस प्रधानमंत्री का अपमान है जिसने अपनी जान दे दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए कांग्रेस महासचिव ने उन्हें ''कायर और घमंडी'' व्यक्ति बताया और भारत में लोकतंत्र के पोषण में उनके परिवार के योगदान की बात की। उन्होंने भाजपा के आरोपों का मुकाबला करने के लिए हिंदू देवता राम और पांडवों का जिक्र किया कि, मोदी कहते हैं कि, गांधी वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देते हैं, और आश्चर्य है कि, लोग सरकार के खिलाफ विरोध क्यों

( शेष पृष्ठ 5 पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# बेलारूस में परमाणु हथियारों की तैनाती करेगा रूस

## रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यह घोषणा की

- **राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि, यह कदम परमाणु अप्रसार समझौते का उल्लंघन नहीं करेगा और उन्होंने इसकी तुलना अमेरिका द्वारा यूरोप में अपने हथियारों को तैनात करने से की है।**
- **रूस की इस घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अमेरिका ने कहा कि, अमेरिका को लगता है कि ऐसी घोषणा के बाद रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रहा है। इसके जवाब में अमेरिका को भी अपनी सामरिक परमाणु स्थिति को समायोजित करने होगा, हम नाटो गठबंधन की सामूहिक रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।**

मॉस्को, 26 मार्च (वार्ता)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को घोषणा की कि, रूस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण परमाणु हथियार बेलारूस में तैनात करेगा।

रूसी मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि, यह कदम परमाणु अप्रसार समझौते का उल्लंघन नहीं करेगा और इसकी तुलना अमेरिका द्वारा यूरोप में अपने हथियारों को तैनात करने से की गई।

उन्होंने कहा कि, मॉस्को अपने हथियारों का नियंत्रण मिन्स्क को स्थानांतरित नहीं करेगा।

रूस की इस घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अमेरिका ने कहा कि, उसे नहीं लगता कि, ऐसी घोषणा के बाद रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा, हमें अपनी सामरिक परमाणु स्थिति को समायोजित करने का कोई कारण नहीं मिला है।

हम नाटो गठबंधन की सामूहिक रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। बेलारूस एक लंबी सीमा यूक्रेन और नाटो सदस्य देशों पोलैंड, लिथुआनिया और लातविया के साथ सांझा करता है। रूसी राष्ट्रपति की घोषणा के बाद 1990 के दशक के मध्य के बाद यह पहली बार होगा जब रूस किसी दूसरे देश में परमाणु हथियारों की तैनाती करेगा।

गौरतलब है कि, गत शनिवार को ही यू.एन. ने एक बयान जारी कर उम्मीद जताई थी कि, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मॉस्को यात्रा के बाद रूस की ओर से परमाणु हमला किये जाने की आशंकाएं कुछ कम हुई हैं।

# 'डिसक्वालिफाई एम.पी.'

- **संसद की सदस्यता छिन जाने के बाद राहुल गांधी ने रविवार को अपने ट्विटर बायो में बदलाव कर अपना विवरण वायनाड सांसद से चेंज कर ''डिसक्वालिफाई एम.पी.'' कर दिया है।**

नई दिल्ली, 26 मार्च। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा की सदस्यता जाने के बाद अपने ट्विटर बायो में बदलाव किया है। राहुल ने अपने बायो में ''डिसक्वालीफाइड एमपी'' को खास मेंशन किया है। दरअसल राहुल गांधी को उनकी मोदी सरनेम टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद संसद सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था, इसी के बाद राहुल ने आज अपने ट्विटर बायो में अयोग्य सांसद लिख दिया है। वहीं कांग्रेस राहुल गांधी को अयोग्य ठहराने पर रविवार को देशभर में सत्याग्रह कर रही है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस को राहुल गांधी को लोकसभा से अयोग्य

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# कर्नाटक में जे.डी (एस) के लिए प्रचार करेंगे दो धुरंधर मुख्यमंत्री

## जे.डी. (एस) के नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा, ममता बनर्जी और के.सी.आर. दोनों ने खुद आगे बढ़कर हमारी पार्टी के लिए प्रचार करने का प्रस्ताव दिया है

- **ममता बनर्जी के साथ बैठक के बाद, कुमारस्वामी ने कहा कि, दोनों पार्टी के नेताओं ने देश में वर्तमान राजनीतिक स्थिति और 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खिलाफ लड़ने के तरीके पर चर्चा की।**
- **ममता बनर्जी द्वारा भुवनेश्वर में अपने ओडिशा समकक्ष नवीन पटनायक से मुलाकात करने और गैर-बीजेपी और गैर-कांग्रेस गठबंधन बनाने की संभावना पर चर्चा के कुछ दिनों बाद यह घटनाक्रम सामने आया है।**
- **इससे पहले ममता बनर्जी ने कोलकाता में अखिलेश यादव से मुलाकात की थी और उनके साथ भी इसी तरह की बातचीत की थी।**

बैंगलुरु, 26 मार्च। कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ अपनी बैठक के कुछ घंटों बाद, जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने रविवार को कहा कि, टी.एम.सी. आने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनावों में जे.डी. (एस) के लिए प्रचार करेगी।

कुमारस्वामी ने कहा कि, ममता बनर्जी जद (एस) की ओर से प्रचार करने के लिए तैयार थीं।

बनर्जी ने हमसे राज्य में उनके प्रचार अभियान के लिए समय सारिणी तैयार करने को कहा है।

ममता बनर्जी के साथ बैठक के बाद, कुमारस्वामी ने कहा कि, दोनों पार्टी के नेताओं ने देश में वर्तमान राजनीतिक स्थिति और 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खिलाफ लड़ने के तरीके पर चर्चा की।

ममता द्वारा भुवनेश्वर में अपने ओडिशा समकक्ष नवीन पटनायक से मुलाकात करने और गैर-बीजेपी और गैर-कांग्रेस गठबंधन बनाने की संभावना पर चर्चा के कुछ दिनों बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। इससे पहले बनर्जी ने कोलकाता में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की थी और उनके साथ भी इसी तरह की बातचीत की थी। ममता बनर्जी किसी क्षेत्रीय पार्टी की दूसरी मुख्यमंत्री होंगी जो

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# जयपुर से पंतनगर (उत्तराखण्ड) के लिए डायरैक्ट फ्लाइट शुरु

- **केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने नई हवाई सेवा का शुभारम्भ किया।**

पंतनगर/नैनीताल 26 मार्च (वार्ता) उत्तराखंड के पंतनगर से जयपुर के लिए रविवार से नियमित हवाई सेवा प्रारंभ हो गई है।

केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने हवाई सेवा का शुभारम्भ किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि, केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत इस सेवा को प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि, हर शहर एक दूसरे से हवाई सेवा से जुड़े। इसी कड़ी में आज उत्तराखंड के पंतनगर से जयपुर के लिए हवाई सेवा का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान भट्ट ने हल्द्वानी निवासी प्रथम यात्री श्रीमती एस.लता व बीरपाल सिंह को हवाई टिकट एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सेवा के प्रारंभ होने से दोनों राज्यों के बीच पर्यटन के साथ ही कारोबार में

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# 'कांग्रेस सत्ता में आते ही कर्नाटक के मुसलमानों का 4 प्रतिशत आरक्षण बहाल करेगी'

## मु.मंत्री बासवराज बोम्मई की सरकार की ओर से मुसलमानों का ओ.बी.सी. आरक्षण कोटा खत्म करने के अगले ही दिन कांग्रेस ने यह बड़ी घोषणा की

- **गौरतलब है कि, कर्नाटक में मु.मंत्री बासवराज बोम्मई की सरकार ने मुसलमानों को बीते कई दशकों से मिल रहे 4 प्रतिशत आरक्षण को खत्म कर इसे, वोक्कालिगा और लिंगायत समाज को देने का फैसला किया है।**
- **प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने दावा किया कि, 45 दिनों के भीतर कांग्रेस सत्ता में वापसी करेगी तथा नई सरकार की पहली ही बैठक में मुसलमानों को आरक्षण बहाल करने का फैसला लागू कर दिया जायेगा।**

बैंगलुरु, 26 मार्च। कर्नाटक में मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई की सरकार ने मुस्लिम आरक्षण पूर्णतः समाप्त कर दिया है। कर्नाटक में अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान था। कर्नाटक में आसन्न विधानसभा चुनाव में मुस्लिम आरक्षण अब बहुत ही बड़ा मुद्दा बनता दिखाई दे रहा है। कांग्रेस ने सत्ता में आने पर मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण पुनः बहाल करने का फैसला किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने घोषणा की है कि, प्रदेश की भाजपा सरकार ने मुसलमानों के अधिकार को छीना है। कांग्रेस नहीं चाहती कि मुसलमानों का यह अधिकार उनसे छीना जाये।

शिवकुमार ने कहा है कि, कांग्रेस सत्ता में आते ही मुसलमानों को उनका अधिकार पुनः दिलायेगी। हम नहीं चाहते कि, उनका यह 4 प्रतिशत आरक्षण खत्म हो। भाजपा ने मुसलमानों से उनका अधिकार छीनने का असंवैधानिक कदम उठाया है। वे सोचते हैं कि, आरक्षण को सम्पत्ति की तरह बांटा जा सकता है। लेकिन यह कोई सम्पत्ति नहीं है, जो मुसलमानों से छीनकर किसी और में बांट दी जाये। शिवकुमार ने कहा कि, भाजपा सरकार ने यह अधिकार छीनकर किसी और बड़े समुदाय में बांट दिया है। शिवकुमार ने दावा किया कि, वोक्कालिगा और वीरशैव-लिंगायत समुदाय के लोगों ने सरकार के इस ऑफर को खारिज कर दिया है। उन्होंने लोगों को यह विश्वास दिलाया कि, 45 दिनों के भीतर कांग्रेस सत्ता में आयेगी और कांग्रेस पार्टी की सरकार इस बदलाव को खत्म कर देगी।

शिवकुमार ने कहा कि, मुसलमानों को ओ.बी.सी. लिस्ट से हटाने का कोई आधार नहीं है। पार्टी अध्यक्ष के तौर पर मैं यह घोषणा करता हूँ कि, कांग्रेस को यह बदलाव अस्वीकार्य है। कांग्रेस की सरकार बनने पर मंत्रिमण्डल की पहली बैठक में ही मुसलमानों का आरक्षण कोटा बहाल करने का फैसला लेगी।

गौरतलब है कि, कर्नाटक में भाजपा की मु.मंत्री बासवराज बोम्मई की सरकार ने शनिवार को धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था को समाप्त कर दिया। मुसलमानों से छीने गये इस आरक्षण को सरकार ने वोक्कालिगा और वीरशैव-लिंगायत समाज में 2-2 प्रतिशत बांटने का फैसला लिया था। राज्य में वोक्कालिगा और वीरशैव-लिंगायत समुदाय के वर्तमान आरक्षण में इसे जोड़ दिया जायेगा। वोक्कालिगा और लिंगायत समाज के लिए पिछले साल 2-सी और 2-डी की दो नई आरक्षण कैटगिरी बनाई गई थी। कर्नाटक मंत्रिमण्डल ने मुसलमानों को 10 प्रतिशत ई.डब्ल्यु.एस. आरक्षण कोटे में ही जोड़ने का फैसला किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के इस बयान से साफ हो गया है कि, कांग्रेस मुसलमानों के आरक्षण के मसले को इस बार के विधानसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनायेगी। लेकिन भाजपा ने भी एक सोची-समझी रणनीति के तहत मुसलमानों के लिए

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# कोस्ट गार्ड्स का हैलिकॉप्टर क्रैश हुआ

- **केरल में कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ट्रेनिंग के दौरान यह दुर्घटना हुई, हैलिकॉप्टर में सवार तीनों सुरक्षाकर्मी चोटिल हो गये।**

कोच्चि, 26 मार्च (वार्ता)। केरल में कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सी.आई.ए.एल.) पर रविवार को कोस्टल गार्ड्स का एक हैलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

सूत्रों ने कहा कि, यह दुर्घटना दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर ट्रेनिंग सैशन के दौरान उड़ान भरने के दौरान हुई, जिसके कारण दो घंटे के लिए हवाई अड्डा का संचालन स्थगित कर दिया गया।

हैलिकॉप्टर पर सवार तीन लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें अंगमाली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जागृवी
सख्त मल (कब्ज) व पेट की परेशानियों का आयुर्वेदिक उपचार


www.jagraviherbal.com

## विचार बिन्दु

**जब तक कष्ट सहने की तैयारी नहीं होती तब तक लाभ दिखाई नहीं देता। लाभ की इमारत कष्ट की धूप में ही बनती है।**

**–विनोबा**

# हमें सजग और सक्रिय नागरिक बनना होगा!

अपने रोज़मर्रा के जीवन में हमें न जाने कितने व्यक्तियों और संस्थानों से काम पड़ता है। इसी तरह औरों का भी हमसे काम पड़ता है। कभी हमारा काम आसानी से हो जाता है तो हम प्रसन्न होते हैं और कभी काम करवाने में बहुत दिक्कत आती है, या सारे प्रयत्नों के बाद भी हमारा काम नहीं होता है तो हम दुखी होते हैं। बहुत सारे काम सरकारी या सांस्थानिक होते हैं और उतने ही या उससे कुछ कम या कुछ ज़्यादा काम वैयक्तिक होते हैं। किसी सरकारी कार्यालय या बैंक जैसे वित्तीय संस्थान के काम हों या किसी व्यक्ति की सेवा से जुड़ा कोई काम, जैसे नल–बिजली ठीक करवाने या हजामत करवाने का काम। इन सबको करवाते हुए हमारे अनुभव मिले–जुले रहते हैं। इधर जैसे–जैसे हमारे रोज़मर्रा के कामों में तकनीक का प्रयोग बढ़ा है, बहुत सारे कामों के मामले में कम से कम उन लोगों को, जिन्हें तकनीक के इस्तेमाल में असुविधा नहीं होती है, सुखद अनुभव अधिक होने लगे हैं। हालांकि तकनीक के मामले में भी सब जगह स्थितियां एक जैसी नहीं हैं। मुझे बार–बार वह ज़माना याद आता है जब एक लोकल टेलीफोन कॉल करने में भी हम इस बात का इंतज़ार करते थे कि कोई भला ऑपरेटर हो जो हमारा कॉल लगा दे। बहुत बार यह होता था कि हम इंतज़ार करते रहते थे और ऑपरेटर अपने कर्तव्य पालन के प्रति उदासीन होता था। अब बहुत बार सरकारी क्षेत्र के बैंकों में जाने पर या किसी सरकारी दफ्तर में जाने पर ऐसे ही अनुभव होते हैं। मैंने अनेक बार देखा है कि बहुत सारे बैंकों ने ग्राहकों की क्रमवार सेवा सुनिश्चित करने के लिए एक टोकन व्यवस्था लागू कर दी है, लेकिन जिस कार्मिक से आपको काम है वह एक ग्राहक को निबटाने के बाद अगले ग्राहक के लिए बटन दबाता ही नहीं है। आपके पास कुढ़ते रहने के सिवा क्या चारा है? बहुत कम सरकारी दफ्तर ऐसे होंगे जहां आप किसी काम के लिए जाएं और सहजता से आपका काम हो जाए। या तो सम्बद्ध कार्मिक अपनी सीट पर नहीं मिलेगा, और अगर मिल गया तो वह किसी न किसी बहाने आपके काम को करने से मना कर देगा। आप आपकी कृपा होगी कहकर उसके आगे गिड़गिड़ाएंगे, चिरौरी करेंगे, वो आपको तनिक भी लिफ्ट नहीं देगा। आप दीन भाव से खड़े रहेंगे। फिर शायद वह पिघलेगा और आपके आगे उम्मीद की एक किरण झिलमिलाएगी। जो काम तुरंत हो सकता है उसके लिए आपको अगले दिन बुलाया जाएगा, और आप जाएंगे। उस व्यक्ति को एक पल को भी यह नहीं लगेगा कि उसकी यह उदासीनता आपके लिए कितनी कष्टप्रद है। और केवल इतना ही नहीं, बहुत बार अपने सारे आदर्शों को तक पर रखकर आप उसकी सेवा करने का प्रस्ताव भी करने को मज़बूर होंगे, और करेंगे भी, तब कहीं जाकर आपका वह काम होगा जो बहुत आसानी से तुरंत हो जाना चाहिए था। वह काम करवाने का आपको वैध अधिकार था, लेकिन वह तभी हुआ जब सम्बद्ध कर्मचारी आप पर मेहरबान हुआ।

यह सब हम सबके साथ हर रोज़ होता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसे में बतौर नागरिक हमारा क्या कर्तव्य है? क्या हमने कभी उचित माध्यम से सक्षम अधिकारी तक अपनी शिकायत पहुंचाने का प्रयास किया है? यह सही है कि हम सब अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में इतने व्यस्त और त्रस्त रहते हैं कि शिकायत करने की विलासिता हमारे लिए अकल्पनीय और अव्यावहारिक है। यह भी कि हमें इस बात का भी अधिक भरोसा नहीं होता है कि हमारी शिकायत कोई सुनेगा। इस बात को स्वीकार करने में मुझे कोई संकोच नहीं है कि हमारी बहुत सारी शिकायतें अनसुनी–अनपढ़ी–अनदेखी रह जाती हैं। बहुत सारी शिकायतों का पटाक्षेप एक सरकारी रस्मी जवाब में, कि आपकी शिकायत इस नम्बर पर दर्ज़ कर ली गई है, हो जाता है। उसके बाद शायद ही कभी कोई सूचना आपको मिलती हो, कोई कार्र्वाई होना तो बहुत दूर की बात है। यह भी कि बहुत बार जिसकी आप शिकायत करते हैं अगर उसे इस बात का पता चल जाता है तो वह आपके प्रति प्रतिशोधात्मक रवैया अपना लेता है और आपके लिए और नई मुसीबतें खड़ी हो जाती हैं।

> **आप औरों की तक़लीफ़ के लिए भी आवाज़ उठाएं। हां, आवाज़ उठाने में इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि आपकी आवाज़ शालीनता की परिधि का उल्लंघन न करे, और यह भी कि अपने स्वार्थ के लिए ग़लत बात के लिए आवाज़ न उठाएं! एक नागरिक के रूप में हम जितने जागरूक और मुखर होंगे हमारा समाज उतना ही बेहतर बनेगा। हो सकता है अपने प्रयत्नों का फल हमें तुरंत न मिले, लेकिन विश्वास रखें, आपके सतत प्रयास अंततः वांछित परिणाम दिलाकर ही रहेंगे।**

लेकिन यह सब तस्वीर का एक पहलू है। इस तस्वीर का एक दूसरा पहलू भी है जिसे हम प्राय: अनदेखा करते हैं। तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि आप कोई शिकायत करते हैं और उस पर तुरंत कार्रवाई होती है। यह समय सोशल मीडिया का है। और मेरा यह अनुभव रहा है कि अधिकांश संस्थान अपनी छवि को लेकर बहुत सजग रहते हैं। ऐसा सरकारी संस्थानों के मामले में भले ही थोड़ा कम हो, निजी संस्थानों के बारे में यह बात अधिक लागू होती है। वैसे पिछले कुछ समय में, कुछ कर्मठ और संवेदनशील मंत्रियों की वजह से सरकारी संस्थान भी अपनी छवि बेदाग रखने के लिए अधिक सक्रिय हुए हैं। तो जब आप कोई शिकायत सोशल मीडिया पर करते हैं, मसलन आप ट्विटर पर किसी संस्थान के उच्चाधिकारी को टैग करते हुए कोई शिकायत करते हैं तो अधिकांश मामलों में आपको न केवल तुरंत जवाब मिलता है, आपकी शिकायत दूर भी होती है। व्यावसायिक और वाणिज्यिक संस्थान इस मामले में अधिक सक्रिय नज़र आते हैं। पिछले दिनों भारतीय रेल के ऐसे अनेक प्रकरण सामने आए जब किसी ने कोई शिकायत की और तुरंत उसका समाधान हो गया। हाल में मेरी कॉलोनी के वॉटसएप समूह पर कई लोगों ने अपने ऐसे अनुभव साझा किये हैं कि उन्होंने अपने इलाके में सफाई न होने की शिकायत की और तुरंत उस शिकायत का निवारण हुआ। कहने का आशय यह कि सारी शिकायतें रद्दी की टोकरी में नहीं जाती हैं। एक बहुत मोटी बात करता हूं कि अगर आपने दस शिकायतें की और उनमें से चार–पांच पर भी कोई कार्रवाई हो गई तो क्या कम खुशी की बात है? कुछ तो बदला। कुछ तो सुधरा।

असल में एक नागरिक के रूप में अभी हमें और परिपक्व होना है। एक स्वतंत्र और तेज़ी से विकसित होते हुए देश के नागरिक के कंधों पर बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी होती है। ज़िम्मेदारी यह होती है कि वह निरंतर सजग रहे, अपने अधिकारों के प्रति आठाहशील रहे, उन्हें प्राप्त करने के लिए सतत प्रयत्नरत रहे। कहना अनावश्यक है कि जब हम अपने अधिकारों की बात करते हैं तो अपने कर्तव्यों की अनदेखी नहीं कर सकते। असल में समाज अधिकार और कत्तर्व्य की जुगलबंदी से ही चलता है। मेरा कत्तर्व्यनिर्वहनही आपका अधिकार सुनिश्चित करता है। ऐसा नहीं हो सकता कि मैं अधिकार तो सारे चाहूं लेकिन कत्तर्व्य का पालन न करूं या बहुत कम करूं। सच तो यह है कि हमारी अधिकांश शिकायतों और असुविधाओं के मूल में यही बात है कि कोई न कोई अपने कत्तर्व्यनिर्वहन में कोताही बरत रहा है। वह कोई कोई भी हो सकता है। कोई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, कोई लिपिक, कोई अफसर, कोई जन प्रतिनिधि, कोई मंत्री – कोई भी। हमारी दिक्कत यह है कि हमें औरों की कोताही तो दिखाई देती है, लेकिन हम अपने गिरेबान में झांक कर कभी नहीं देखते। अगर हम ऐसा करने लग जाएं तो बहुत सारी असुविधाएं स्वत: दूर हो जाएंगी।

और इसी क्रम की यह बात भी है कि अगर आपको कहीं भी कुछ भी ऐसा लगे जो नहीं होना चाहिए था, तो चुप न रहें। खुलकर अपनी बात कहें। सभी मंचों का उपयोग करें। इस इंतज़ार में न रहें कि आपकी तक़लीफ़ को दूर करने के लिए कोई और आवाज़ उठाएगा। बल्कि बेहतर तो यह होगा कि आप औरों की तक़लीफ़ के लिए भी आवाज़ उठाएं। हां, आवाज़ उठाने में इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि आपकी आवाज़ शालीनता की परिधि का उल्लंघन न करे, और यह भी कि अपने स्वार्थ के लिए ग़लत बात के लिए आवाज़ न उठाएं! एक नागरिक के रूप में हम जितने जागरूक और जितने मुखर होंगे हमारा समाज उतना ही बेहतर बनेगा। हो सकता है अपने प्रयत्नों का फल हमें तुरंत न मिले, लेकिन विश्वास रखें, आपके सतत प्रयास अंतत: वांछित परिणाम दिलाकर ही रहेंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने का विरोध

**टोंक,** (निसं)। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की षडयंत्र पूर्वक लोकसभा सदस्यता रद्द करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ रविवार को गांधी पार्क में सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

> ■ **'राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किये जाना बिल्कुल अलोकतांत्रिक'**




**जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा गांधी पार्क में सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

जिसमें मुख्य रूप से विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा, निर्वतमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता के नेतृत्व में सत्याग्रह किया गया। इस अवसर पर विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा कि, केन्द्र की मोदी सरकार अडानी मुद्दे को दबाने के लिए ऐसा कर रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी आदि देश के सामने ज्वंलत मुद्दे हैं। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किये जाना बिल्कुल अलोकतांत्रिक है। मोदी सरकार की दमनकारी नीतियों से हम कांग्रेसी डरने वाले नहीं है। इस मौके पर जिला प्रवक्ता जर्रार खान ने बताया कि पूर्व जिलाध्यक्ष रामबिलास चौधरी, किशन फगोडिया, महावीर तोगडा, अब्दुल खालिक, हंसराज फागणा उपाध्यक्ष सरपंच संघ, धर्मेन्द्र सालोदिया, ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बेग, हंसराज चौधरी, पार्षद रामदेव गुर्जर, मुराद गांधी, शबाना खान सेवादल, शिवजीराम मीणा, सोकत अली सेवादल, के अलावा बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सत्याग्रह में भाग लिया।

## विशाल भगवा शोभायात्रा निकाली

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के श्रीरामनगर स्थित बालाजी की बगीची परिसर से रविवार को दोपहर 2:15 बजे नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में एक विशाल भगवा शोभायात्रा निकाली गई।

जानकारी के अनुसार उक्त शोभायात्रा में हजारों लोग अपने हाथ में भगवा ध्वज लेकर श्री राम के घोष के साथ बालाजी की बगीची से प्रारंभ होकर बिचून रोड़, पांचबत्ती चौराहा, नवनिर्मित आरओबी से होती हुई, अम्बेडकर सर्किल(बस स्टैण्ड), गाँधी चौक, हलवाई बाजार, ज्योतिबा फुले सर्किल एवं जोबनेर रोड़ स्थित सिविल लाइंस कॉलोनी में समापन की गई। तत्पश्चात वहीं उपस्थित लोगों को धर्म जागरण प्रमुख एवं आरएसएस प्रचारक मुरली मनोहर द्वारा उद्धबोधन किया गया।

गौरतलब है कि शोभायात्रा के दौरान विभिन्न झांकियां सजाई गई। वहीं कलाकारों द्वारा विशेष मनमोहक दृश्य एवं आतिशबाजी भी रखी गई। क्षेत्र में जगह जगह पर शौभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया। शौभायात्रा के दौरान हजारों लोग उपस्थित रहे।

## अवैध हथियार सहित दो जने गिरफ्तार

**मालपुरा,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं एएसपी राकेश कुमार बैरवा व डीवाईएसपी सुशील मान के निर्देशन में मालपुरा थाना अधिकारी भूराराम खिलेरी ने पुलिस टीम के साथ शनिवार की देर रात्रि को शहर के सांवरकर सर्किल के पास मुखबीर की सूचना पर लोडेड देशी कट्टे के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर एक अन्य कार्यवाही में थाने के हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर 9 जिन्दा कारतूस जप्त किये।

थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की सांवरकर सर्किल के पास एक युवक बैठा है जिसके पास देशी कट्टा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस को देख युवक ने भागने का प्रयास किया। जिसे पीछा कर दबोच की गई पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर ली गई तलाशी में युवक दिनेश सोनी पुत्र मदन लाल सोनी निवासी पुरानी तहसील मालपुरा के जेब से एक देशी कट्टा लोडेड हालत में बरामद किया। देर रात को ही थाने पहुंचे डीवाईएसपी सुशील मान की मौजूदगी में पूछताछ करने पर युवक ने देशी कट्टा जगदीश उर्फ जग्गा पुत्र देवालाल खाती निवासी पुरानी तहसील हाल निवासी रामनगर जयपुर रोड से लाना बताया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही कर जगदीश उर्फ जग्गा को भी धर दबोच गिरफ्तार किया। थाने के रिकॉर्ड में आरोपी जो कि मालपुरा थाने का हिस्ट्रीशीटर है। जगदीश उर्फ जग्गा के कब्जे से 9 जिन्दा कारतुस बरामद किये गये।

# हिस्ट्रीशीटर सहित 5 जने पकड़े

**कोटपूतली,** (निसं)। ग्राम चौकी गोरधनपुरा स्थित पैट्रोल पम्प आनन्द सर्विस स्टेशन पर रंगदारी वसूली के उद्देश्य से फायरिंग, तोडफोड़ व सेल्समैन के साथ मारपीट की घटना के मुख्य अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी बल्लू बालास समेत 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में पुलिस की विशेष टीम ने सफलता हांसिल की है।

> ■ **पैट्रोल पम्प पर रंगदारी वसूली की मांग को लेकर फायरिंग का मामला**

घटना के बाद से ही पुलिस की विशेष टीम ने एएसपी विधा प्रकाश, एसएचओ सवाई सिंह के नेतृत्व में थाने की टीम जयपुर ग्रामीण की डीएसटी टीम ने अभियुक्तों को करीब 70 किमी पीछा कर नीमकाथाना सदर थाना क्षेत्र व रींगस से गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की। पुलिस से बचने के लिए अभियुक्तों ने रींगस कस्बे में गाड़ी को तेज भगाकर एक व्यक्ति की टांग तोड़ दी। जहां से पुलिस ने घटना के 3 अभियुक्त क्रमश: हरियाणा के मॉडल टाउन शक्ति नगर, रेवाड़ी निवासी शिवम (19) पुत्र अवधेश शर्मा, अलवर के कोटकासिम निवासी अमित (21) पुत्र विक्रम सिंह गुर्जर व जयपुर के चाकसू के वार्ड नं. 16 निवासी शशांक (19) पुत्र देवेन्द्र कुमार गौत्तम को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान अभियुक्तों ने भागने की भी कोशिश की लेकिन खेतों में भागते वक्त स्थानीय जनता के सहयोग से इन्हें दबोच भी लिया गया। एएसपी विधा प्रकाश ने बताया कि दोनों बदमाश एक मारूति स्वीफ्ट कार में सवार होकर मौके से फरार हो चुके थे। पुलिस की स्पेशल टीम ने सीकर पुलिस के सहयोग से करीब 70 किमी तक पीछा किया। इस दौरान नीमकाथाना सदर क्षेत्र के चला गांव में स्थानीय पुलिस ने उक्त कार के सामने गाड़ी लगा दी। जिससे बदमाशों ने पैदल ही मौके से फरार होते हुए एक स्थानीय व्यक्ति की बाईक बंदूक की नोक पर करीब 08 किमी सीकर रोड़ पर गुहाला गाँव तक ले गये। जहाँ बाईक चालक ने गाड़ी गिरा दी बचाव करने के लिए आये एक स्थानीय युवक अमित सैन को बदमाश बल्लू बालास ने पेट में गोली मार दी। जिससे मौके पर मौजूद आक्रोशित स्थानीय जनता ने बल्लू बालास व नितेश यादव के साथ जमकर मारपीट भी कर दी। पुलिस ने दोनों बदमाशों बानसूर के ग्राम बासदयाल निवासी रविन्द्र उर्फ बल्लू बालास व ग्राम चांदाली, बानसूर निवासी नितेश पुत्र रामकुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया।

# हेला ख्याल दंगल में कलाकारों ने राजनीतिक पर छोड़े तीखे तीर

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित जवाहर गंज में विश्वविख्यात 273 वें हेला ख्याल संगीत दंगल में स्थानीय संगीत कलाकारों द्वारा संगीत के माध्यम से प्रमुख राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए करनी कथनी को लेकर स्थानीय शब्द रचनाओं के माध्यम से तीर छोड़ आईना दिखाया गया।

ख्याल संगीत दंगल के दौरान विभिन्न गायन मंडलियों के कलाकारों द्वारा वर्तमान परिपेक्ष में राजनीतिक एवं प्रशासनिक सहित सामाजिक हालातों का संगीतमय शब्दों में रचना के माध्यम से श्रोताओं के समक्ष खरा खरा खुलासा किया। हेला ख्याल दंगल में इस बार कांग्रेस व भाजपा पार्टी एवं आम आदमी पार्टी गायक कलाकारों के निशाने पर रही। इस हेला ख्याल दंगल में संक्रमण काल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैक्सीनेशन की व्यवस्था से भारत बचाने को लेकर एवं किस तरह राहुल गांधी के नेतृत्व से कांग्रेस पार्टी हास्य पर जा बैठी एवं आम आदमी पार्टी सहित विभिन्न प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में व्याप्त कमी खामियों को संगीत के माध्यम से सार्वजनिक किया गया।

संगीत दंगल के कलाकारों द्वारा शब्द रचनाओं के माध्यम से चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा को भी आड़े हाथ लिया। मंत्री मीणा को विकास के लिए धन्यवाद देते हुए किस तरह पुलिस थानों में भ्रष्टाचार व्याप्त है उसे अवगत कराते हुए सिलसिलेवार हो रही चोरियों एवं व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर गायन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इसे हेला ख्याल दंगल के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र पंचायत समिति लालसोट के प्रधान नाथू लाल मीणा दंगल समिति के अध्यक्ष रवि हाडा महामंत्री सीएम सुकारिया राजेंद्र पाखला रोहित पंसारी सहित कई गायन मंडलीय श्रोता एवं दंगल समिति से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## 415 अपराधी दबोचे

**बहरोड/ भिवाड़ी,** (निसं)। जिला पुलिस भिवाड़ी ने अपराधियों की धरपकड़ हेतु दबिश देकर तलाशी अभियान के तहत जिले भर के 500 पुलिसकर्मियों के एक साथ अलग–अलग रूप से गठित टीम द्वारा एक साथ एक ही समय पर की गई छापेमारी में 28 वाहन एवं अन्य संदिग्ध सामान्य जब्त करते हुए पुलिस टीमों द्वारा 270 स्थानों पर दी गई दबिश में कुल 415 अपराधियों की गिरफ्तारी करते हुए अपराधिक प्रकरण अवैध शराब, सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलने तथा आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए विभिन्न स्थानों पर दी गई जिला पुलिस की कार्यवाही में अपराधियों के कब्जे से सैकडों मोबाइल जप्त किए गए।

जिला पुलिस महानिदेशक जयपुर की प्रेरणा से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध एम एन दिनेश तथा महा निरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज उमेश चंद्र दत्ता के निर्देशानुसार भिवाडी जिले के सक्रिय एवं वांछित अपराधियों स्थाई वारंटी, भगोड़े इनामी अपराधी तथा सीआरपीसी के वांछित अपराधी, हिस्ट्रीशीटर एवं अन्य मुकदमों में वांछित तथा मादक पदार्थों एवं अवैध हथियार, शराब तस्करी में लिप्त अपराधियों की गतिविधियों पर लगाम तथा सख्त कानूनी कार्यवाही करने के लिए 25 मार्च की शाम 5 बजे से सघन तलाशी एवं दबिश तथा छापेमारी की कार्यवाही करते हुए भिवाडी पुलिस द्वारा बहरोड़ सहित करीब 30 हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी सहित 270 ठिकानों पर की गई कार्यवाही करते हुए अपराधियों को एक दूसरे से सतर्क नहीं करते हुए 415 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

## महाअभियान के तहत 30 जने गिरफ्तार

**नारायणपुर,** (निसं)। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे महाअभियान के तहत रविवार को नारायणपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 लोगों को गिरफ्तार किया हैं।

थाना प्रभारी शिवशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि अपराधिक गतिविधि में लिप्त लोगों की दबिश व तलाशी अभियान के लिए 20 पुलिसकर्मियों की पृथक–पृथक टीम गठित कर कार्रवाई की है। एमवी एक्ट में 19 मोटरसाइकिल जप्त, शराब पीकर उत्पात मचाने में 15 लोग गिरफ्तार, अवैध देशी कट्टा मय जिन्दा कारतूस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार, जुआ में 1 गिरफ्तार, 5 वांछित अपराधी गिरफ्तार, गैंगस्टर को फ़ॉलो करने में 1 व्यक्ति गिरफ्तार, शांतिभंग में 7 लोगो को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के बदमाशों में हड़कंप मच गया।

# निजी अस्पताल 7 दिन से पूर्णतया बंद

**पावटा,** (निसं)। सरकार की हठधर्मिता के कारण क्षेत्र के सभी निजि चिकित्सा संस्थान राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में पिछले 7 दिन से बंद हैं।

वहीं उपखंड पावटा के सभी निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने ग्रीनपार्क होटल में एक सभा आयोजित की। जिसमें क्षेत्र के सभी डेंटिस्ट व केमिस्ट ऐसोशियसन ने भी भाग लिया। इस दौरान सभा की अध्यक्षता करते हुए डॉ. विजय गुप्ता ने कहा कि राइट टू हेल्थ बिल चिकित्सकों के लिए एक किल बिल है। जिसके लागू होने से अस्पताल में आये दिन समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। प्रत्येक मरीज अपनी बीमारी को इमरजेंसी बतायेगा व मुफ्त में इलाज की मांग करेगा जो कि संभव नहीं है।

> ■ **'प्रत्येक मरीज इमरजेंसी बतायेगा व मुफ्त में इलाज की मांग करेगा जो संभव नहीं है'**




**पावटा के सभी निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने ग्रीनपार्क होटल में एक सभा आयोजित की।**

वहीं डॉ. एस. एम. यादव ने कहा कि इस बिल में स्वास्थ्य के अधिकार के नाम पर कुछ भी नहीं है, यह तो राईट टू ट्रीटमेंट बिल है जो कि तकरीबन जनता को चिरंजीवी एवं आरजीएचएस स्कीम में पहले से ही निशुल्क उपलब्ध है। इमरजेंसी में निशुल्क इलाज एवं अन्य निशुल्क चिकित्सा सेवाएं देना सरकार की जिम्मेदारी है। इसको प्राईवेट हॉस्पिटलों पर थोपना असंवैधानिक व गलत है। इसी क्रम में डॉ. राजेश जांगिड़ सचिव उपचार ने कहा कि यह बिल असंवैधानिक है व यदि सरकार चिकित्सा को सेवा का पेशा मानती है तो निशुल्क जमीन दे। रियायती दर पर बिजली दे जो कि उद्योगों को दे रखी है। 54 तरह के लाईसेंस हटाये व कंजूमर कोर्ट हटाये और यदि इसको व्यवसाय मानती हैं तो निशुल्क सेवा देने के लिए बाध्य नहीं करें। सभा का संचालन करते हुए डॉ. मनोज गुप्ता ने कहा कि बिल से आम जनता को ज्यादा नुकसान होगा। क्योंकि कोई भी अस्पताल इमरजेंसी मरीज का इलाज करने से कतरायेगा व रेफर करने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। इस मौके पर डॉ. महेन्द्र पलसानिया, डॉ. डी. आर. यादव, पावटा से डॉ. जयराम यादव, डॉ. रवि अंजलि गुप्ता, डॉ. सुरेंद्र यादव आदि ने संबोधित किया।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 27 मार्च, 2023**

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, रोहिणी नक्षत्र दिन 3:26 तक, आयुष्मान योग रात्रि 11:18 तक, तैतिल करण सांय 5:28 तक, चन्द्रमा रात्रि 4:25 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मीन, चन्द्रमा–वृष, मंगल–मिथुन, बुध–मीन, गुरू–मीन, शुक्र–मेष, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज कुमार योग सूर्योदय से दिन 3:26 तक है। रवियोग दिन 3:26 तक रहेगा। अमृत सिद्धि योग दिन 3:26 से सूर्योदय तक है। आज सूर्य–स्कन्ध षष्ठि, अशोक षष्ठि, पंचरात्रव्रत (नक्त), यमुना जयन्ती, कुमार व्रत, रोहिणी व्रत है। आज बुध उदय पूर्व में दिन 2:32 पर होगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:01 तक, शुभ 9:33 से 11:03 तक, चर 2:05 से 3:36 तक, लाभ अमृत 3:36 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:27, सूर्यास्त 6:38

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

**वृष**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा हो सकती है।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
धार्मिक–मांगलिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित संपर्क बनेंगे। आर्थिक समस्या का समाधान होगा।

**तुला**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
घर–परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों के आगमन से परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**कुंभ**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आवश्यक मामलों में पर्याप्त सहयोग मिल सकता है।

# निजी चिकित्सकों ने सरकार से राइट टू हैल्थ बिल वापस लेने की दो टूक बात कही

## निजी चिकित्सक और सरकार के बीच रविवार को सचिवालय में हुई वार्ता विफल

**जयपुर**, (कासं)। प्रदेश में राइट टू हेल्थ विधेयक को लेकर रविवार को भी गतिरोध बना रहा। हालांकि इस बीच सरकार और आंदोलनकारी निजी चिकित्सकों के बीच सचिवालय में हुई वार्ता विफल रही। चिकित्सकों ने सरकार से स्पष्ट दो टूक शब्द में यह विधेयक वापस लेने और और आगे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से वार्ता करने को कहा है। देर रात मु.मंत्री ने जयपुर में अधिकारियों के साथ हड़ताल को लेकर बैठक की। वहीं संभावना जताई जा रही है कि देर रात को चिकित्सक और सरकार के बीच भी वार्ता हो सकती है।

मुख्यमंत्री की अपील के बाद रविवार को सुबह चिकित्सक वार्ता के लिए तैयार हुए। 10 सदस्यीय दल करीब तीन बजे वार्ता के लिए सचिवालय पहुंचा, यहां मुख्य सचिव उषा शर्मा समेत वित्त सचिव, चिकित्सा सचिव और जयपुर कलेक्टर भी मौजूद रहे। वार्ता शुरू होते ही चिकित्सकों ने एक ही मांग रखी की कि यह बिल वापस लेने पर ही हड़ताल समाप्त होगी।

चिकित्सक यह कहकर वार्ता से बाहर आ गए। इस पर मुख्य सचिव उषा शर्मा ने एक बार फिर वार्ता के लिए चिकित्सकों को बुलाया। दूसरे दौर की वार्ता शुरू होने पर सरकार ने चिकित्सकों का पक्ष सुना। इसमें चिकित्सकों ने कहा कि वे किसी भी हालत में राइट टू हेल्थ बिल को स्वीकार नहीं करेंगे। सरकार इस बिल को वापस ले। इसके बाद चिकित्सक वार्ता खत्म करके फिर निकल गए।

- **अब चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री से ही बात करने को कहा**
- **चिकित्सक सोमवार को महारैली निकालने के साथ ही प्रोटेस्ट डे व काला दिवस मनाएंगे**

### हड़ताल खत्म करने की अपील

वार्ता विफल होने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी शाम को वापस दिल्ली से जयपुर आ गए। वे शनिवार को भी जयपुर आए थे और डॉक्टर्स की हड़ताल को लेकर मीटिंग की थी। उन्होंने आज भी चिकित्सकों से हड़ताल खत्म करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने जयपुर आने के बाद देर रात एक बार फिर उन्होंने अधिकारियों के साथ वार्ता कर निर्देश दिए हैं।

प्राइवेट हॉस्पिटल एवं नर्सिंग होम सोसाइटी (पीएचएनएस) के सचिव विजय कपूर ने बताया कि वार्ता में सभी चिकित्सकों ने अधिकारियों को कहा दिया कि यह बिल असंवैधानिक है। चिकित्सक मुख्यमंत्री के अलावा किसी से बात नहीं करेंगे, क्योंकि मुख्यमंत्री ही इस बिल को वापस ले सकते हैं। डॉ. कपूर ने बताया कि अब चिकित्सक किसी से वार्ता नहीं करेंगे। हम सिर्फ अपना संदेश देने के लिए गए थे। इस बिल को हर हाल में वापस लेना होगा। यह वापस नहीं लेती है तो ऐसा आंदोलन होगा जो अब तक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार इस बिल को विड्रो करने या लिखित में दे कि इसे निरस्त करेगी। इसके बाद आगे बात होगी।

### कार रैली कर जताया विरोध

वहीं आज सुबह इस विधेयक के विरोध में चिकित्सकों ने साधारण सभा की बैठक की और उसके बाद जेएमए हॉल से जवाहर सर्किल तक कार रैली निकाली। इसमें चिकित्सक अपनी कारों से शामिल हुए और नारेबाजी करते हुए। चिकित्सकों ने सोमवार को भी महारैली निकालने की घोषणा की है, जिसमें राज्यभर के चिकित्सक शामिल होंगे। यह रैली सूचना केन्द्र, महारानी कॉलेज तिराहा, अशोक मार्ग, गवर्मेंट हॉस्टल चौराहा, पांच बत्ती, अजमेरी गेट, न्यू गेट, अल्बर्ट हॉल म्यूजियम होते हुए वापस जेएमए आकर समाप्त होगी।

### हजारों डाक्टर शामिल होंगे

बिल के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से सोमवार को प्रोटेस्ट डे व काला दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान एक बड़ी रैली निकाली जाएगी, जिसमें करीब बीस से तीस हजार चिकित्सक व पैरा मेडिकल शामिल होंगे।

### 29 को सेवारत चिकित्सक का कार्य बहिष्कार

सरकारी हॉस्पिटल के मेडिकल ऑफिसरों की यूनियन अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ (अरिसदा) ने इस बिल को लेकर विरोध तेज कर दिया है। अरिसदा के प्रदेशाध्यक्ष अजय चौधरी ने बताया कि 29 मार्च को प्रदेशभर में एक दिन का सामूहिक अवकाश रखा जाएगा। इस दौरान प्रदेशभर की पीएचसी, सीएचसी, उप जिला हॉस्पिटल में मरीजों को नहीं देखा जाएगा, क्योंकि यहां ज्यादातर डॉक्टर मेडिकल ऑफिसर ही होते हैं। ये इस संगठन से जुड़े हैं।

### हड़ताल से मरीज परेशान

इधर, हड़ताल के कारण मरीजों को खामियाजा भुगतना पड रहा है और एसएमएस सहित अन्य अस्पतालों में रेजीडेंट्स के हड़ताल पर जाने के कारण चिकित्सा व्यवस्था भी चरमरा गई है। हालात यह है कि एसएमएस के ट्रोमा सेंटर में इमरजेंसी में एक ही चिकित्सक व्यवस्थाएं संभाल रहा है। इसके कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# पुलिस ने 2051 बदमाशों को हिरासत में लिया

जयपुर,(कासं)। राजस्थान पुलिस की ओर से जयपुर व कोटा रेंज और चूरु जिले में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 8 हजार पुलिसकर्मियों ने 2051 बदमाशों को हिरासत में लिया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि कोटा रेंज में कोटा शहर पुलिस द्वारा अपराधियों के 112 ठिकानों पर दबिश दी गई। इस दौरान 224 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

कोटा ग्रामीण पुलिस ने 160 जगह दबिश देकर 121 बदमाशों को पकड़ा है। बूंदी पुलिस ने 234 ठिकानों पर कार्रवाई कर 281 बदमाश को दबोचा है। बारां पुलिस ने 221 ठिकानों पर तथा झालावाड़ पुलिस ने दबिश 270 जगहों पर दबिश देकर 226 बदमाशों को कुल कोटा रेंज में 997 जगह दबिश देकर 984 अभियुक्तों को पकड़ा गया। जयपुर रेंज में अभियान के अंतर्गत रविवार को जयपुर ग्रामीण पुलिस ने 56 अपराधियों को, सीकर पुलिस ने 176, भिवाडी पुलिस ने 287, दौसा पुलिस ने 337, झुंझुनू पुलिस ने 3 और अलवर पुलिस ने 129 कुल 988 अपराधियों को गिरफ्तार कर आबकारी, एनडीपीएस, आरजीपीओ व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस कार्रवाई में 37 प्रकरण दर्ज कर 754 कार्रवाई में 988 प्रकरण दर्ज किए गए। इस कार्रवाई में 2 देशी कट्टे, 6 चाकू, 4 पिस्टल, 4 कारतूस बरामद किए गए। इन्हीं कार्रवाई के अंदर चूरू पुलिस द्वारा रविवार को 300 पुलिसकर्मियों की 30 टीमें गठित की गई। 70 स्थानों पर दबिश मारकर अन्य बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में 11 वाहन भी जब्त किए गए हैं।

# प्रदेश में 46 नए करोना संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में रविवार को एक ही दिन में 46 नए करोना संक्रमित मिले हैं। हालांकि इस बीच 31 संक्रमित ठीक हुए हैं। राज्य में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर दो सौ से अधिक हो गए हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 11 जिलों में 46 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को राज्य में इनकी संख्या 12 रही थी। इधर आज सर्वाधिक 13 नए संक्रमित राजसमंद में मिले हैं। इसके अलावा सिरोही में 7, जयपुर में 6, अजमेर में 5, बीकानेर में 4, भीलवाड़ा में 3, बारां, नागौर व उदयपुर में 2-2 तथा अलवर व जोधपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

प्रदेश में सोमवार को 31 मरीज ठीक हुए हैं। हालांकि अभी 207 एक्टिव केस मौजूद है। इनमें उदयपुर में 56, जयपुर में 36, राजसमंद में 23, बीकानेर में 22, भीलवाड़ा व जोधपुर में 14-14, अजमेर में 13 और सिरोही में 9 मामले है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक इस बीमारी से राज्य में 9661 लोगों की मौत हो चुकी है।

# स्टार्ज स्कोर 31 से ज्यादा तो शिशु को किडनी इंजरी का खतरा

**जयपुर**। प्रीमेच्योर शिशुओं को एनआईसीयू में भर्ती होने के बाद कई कारणों से किडनी इंजरी हो सकती है। इसकी जांच के लिए स्टार्ज स्कोर बनाया गया है जो 31 से ज्यादा होने पर शिशु को एक्यूट किडनी इंजरी का खतरा बढ़ जाता है। जयपुर में नवजात शिशुओं की बीमारियों और उनके इलाज पर हुई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईएपी नियोकॉन 2023 में एक्सपर्ट्स ने यह जानकारी दी।

आइएपी नियोनोटोलॉजी चैप्टर, नेशनल नियोनोटोलॉजी फोरम राजस्थान और आइएपी जयपुर चैप्टर की ओर से आयोजित यह कॉन्फ्रेंस रविवार को संपन्न हुई। ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि अंतिम दिन बेस्ट पोस्टर को अवार्ड दिया गया। दो दिनों में 60 से अधिक साइंटिफिक सेशन हुए जिसमें एक्सपर्ट्स ने अपनी रिसर्च सामने रखी। ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. जेके मित्तल ने बताया कि अंतिम दिन एनआईसीयू में भर्ती शिशुओं के फंगल इंजेक्शन का इलाज, नवजात की सर्जरी, स्क्रीनिंग, मेटाबोलिक डिसऑर्डर जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

साइंटिफिक कमेटी के डॉ. आकाश शर्मा ने बताया कि जेके लोन हॉस्पिटल में दो वर्कशॉप भी आयोजित की गई जिसमें केएमसी और लैक्टेशन पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी गई। गुरुग्राम के डॉ. संजय वजीर ने बताया कि प्रीमेच्योर शिशुओं में वजन, यूरीन की उत्पादन मात्रा, पानी की कमी या एंटीबायोटिक दवाओं के कारण एक्यूट किडनी इंजरी हो सकता हैं।

## 'नर्सेज को दवा लिखने का अधिकार दिया जाए'

**जयपुर**। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम मीना एवं चिकित्सा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सपोटरा ने राज्य सरकार से मांग की है कि नर्सेज को प्राथमिक उपचार के तौर पर दवा लिखने का अधिकार दिया जाए जिससे चिकित्सकों की अनुपस्थिति में नर्सेज मरीजों को लाभ पहुंचा सकते हैं।

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जयपुर शहर जिला अध्यक्ष महिपाल सामोता एवं एसोसिएशन के जयपुर संभाग प्रभारी पवन सिंह ने तर्क दिया कि नर्सेज उच्च गुणवत्ता प्रशिक्षण प्राप्त होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सकों की अनुपस्थिति में भी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्राथमिक उपचार पर राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई दवाइयां लिखते हैं।

# अवैध खनन सामग्री सहित 108 लोग गिरफ्तार

**जयपुर**। पुलिस की ओर से अवैध खनन के विरूद्ध चलाये गये एक दिवसीय विशेष अभियान के तहत जयपुर रेंज के समस्त जिलों में 171 वाहन जब्त कर 108 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

आईजी रेंज उमेश दत्ता ने बताया कि डीजीपी के निर्देश पर रेंज स्तर पर अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिये शनिवार को एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। रेंज के समस्त जिला पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जयपुर रेंज के समस्त छह जिलों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए 1 एल एन्ड टी, 2 ट्रक, 21 डम्पर, 146 ट्रेक्टर मय ट्रॉली व 1 मोटरसाईकिल सहित 171 वाहन जब्त कर 108 व्यक्तियों को पकड़ा गया है। आईजी दत्ता ने बताया कि अभियान के दौरान जिला जयपुर ग्रामीण में 33 कार्रवाई करते हुए 1 एल एन्ड टी, 4 डम्पर, 36 ट्रेक्टर मय ट्रॉली जब्त कर 36 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिला सीकर में 7 कार्रवाई करते हुए 9 डम्पर, 26 ट्रेक्टर मय ट्रॉली जब्त कर 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार जिला भिवाड़ी में 27 कार्रवाई करते हुए 7 डम्पर, 20 ट्रेक्टर मय ट्रॉली व 1 मोटरसाईकिल जब्त कर 25 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिला झुंझुनूं में 19 कार्यवाही करते हुए 01 डम्पर, 18 ट्रेक्टर मय ट्रॉली जब्त कर 16 व्यक्तियों को गिरफतार किया गया है। जिला दौसा में 20 कार्रवाई करते हुए 2 ट्रक, 18 ट्रेक्टर मय ट्रॉली जब्त कर 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिला अलवर में 28 कार्रवाई करते हुए 28 ट्रेक्टर मय ट्रॉली जब्त कर 12 व्यक्तियों को पकड़ा है। आईजी दत्ता ने बताया कि अवैध गतिविधियों के विरूद्ध रेंज स्तर पर पुलिस द्वारा इसी प्रकार कार्यवाही जारी रहेगी। आमजन से अपील है कि अपने आस-पास में किसी भी प्रकार की अवैध गति विधि संचालित होने की सूचना अविलंब पुलिस को दें।

## सार-समाचार

### शिविर में 65 यूनिट रक्त संग्रह



**जयपुर**, (का.सं.)। बंजी ठोलियो की धर्मशाला जौहरी बाजार में स्व.सुशीला गोदीका की पुण्य स्मृति में दिगम्बर जैन ग्रुप सन्मति एवं जौहरी बाज़ार दिगम्बर जैन महिला समिति के संयुक्त तत्वधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 65 यूनिट ब्लड संग्रह हुआ। पार्षद कुसुम यादव ने रक्त दाताओं को हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया। सन्मति के अध्यक्ष राकेश गोदीका ने कहा कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन समय-समय पर संस्था द्वारा होता रहेगा। शिविर में समिति अध्यक्ष डॉक्टर शीला जैन मंत्री पुष्पा सोगानी सदस्य विध्या कासलीवाल साधना गोदीका सुधा वैद्य कविता अजमेरा मुख्य संयोजक नीरा राकेश लुहाड़िया पूर्व पार्षद अजय यादव, अशोक पांड्या, सरवन गोदीका, नंदकिशोर पहाड़िया, नानुलाल गोधा, सुनील गोदीका, शैलेश पाण्डया, अरुण कोड़ीवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### फरार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने पूर्व में पकड़े गए बदमाशों के फरार साथी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दिगपाल सिंह ने बताया गिरफ्तार आरोपित अशोक कुमार भादू (28) अक्कासर, गजनेर जिला बीकानेर का रहने वाला है। कुछ दिन पहले पुलिस ने डकैती की साजिश रचते हुए 4 बदमाशों को गिरफ्तार कर देशी कट्टा सहित डंडे बरामद किए थे। इस दौरान आरोपित अशोक फरार हो गया था, जिसे अब गिरफ्तार किया गया है। वहीं एयरपोर्ट थाना पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के एक पुराने मामले में आरोपित वृद्धा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार महिला रुक्मणि देवी (65) एकता नगर, एयरपोर्ट की रहने वाली हैं। पुलिस इस मामले में पूर्व में अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### युवक से मारपीट कर लूट

**जयपुर**। जवाहर सर्किल इलाके में एक युवक से मारपीट के बाद लूट का मामला सामने आया है। थानाधिकारी सुरेंद्र सैनी ने बताया जगतपुरा निवासी सुरेश चंद मीणा 24 मार्च की रात करीब 9 बजे रेल्वे ट्रैक पर होता हुआ अपने घर की तरफ जा रहा था। इस दौरान शहीद की मोरी के पास रेल्वे ट्रैक पर ही तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया। आरोप है बदमाशों ने उसके मुंह पर कपडा बांध मारपीट कर जेब में रखे एक हजार रूपए निकाल लिए और लहूलुहान हालत में पटरी पर छोड़ फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### जेवर व अन्य सामान चोरी

**जयपुर**। नाहरगढ़ इलाके में चोर एक मकान की दीवार में छेद कर अलमारी में रखे जेवरात सहित बर्तन चुरा ले गए। पुलिस ने बताया मकान संख्या-3744, नाहरगढ़ रोड निवासी राखी शर्मा ने रिपोर्ट दी है कि 24 मार्च को घर में रखी अलमारी में कुछ सामान रखने के लिए लॉक खोला तो अंदर रखा सोने का हार, चेन और स्टील के बर्तनों का कट्टा गायब था। अलमारी के पीछे चेक करने पर पता चला कि चोर दीवार में छेद कर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सोने की पातड़ी तोड़ी

**जयपुर**। झोटवाड़ा इलाके में बाइक सवार बदमाश एक वृद्धा की सोने की पातड़ी तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया बालाजी बिहार, कालवाड़ निवासी गीता देवी (70) शनिवार सुबह घर से बस में बैठ जोशी मार्ग उत्तरी थी। यहां से पैदल संजय नगर की तरफ जा रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए और झपट्टा मार सोने की पातड़ी छीन ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### नाबालिग से दुष्कर्म किया

**जयपुर**। गलता गेट इलाके में एक नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी महिला ने रिपोर्ट दी है। आरोप है 12 मार्च की दोपहर नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। इस दौरान पड़ौसी कृष्णा उर्फ़ गोलू घर में घुस आया और बेटी से जबरन दुष्कर्म कर फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### जयपुर के ललित शर्मा फाइनल में

**जयपुर**। जयपुर क्लब क्ले कोर्ट पर चल रहे आईटीएफ टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दिन क्वार्टर फाइनल सेमीफाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले हुए जिसमें 65 प्लस आयु वर्ग में जयपुर के ललित शर्मा ने कोटा के जी डी रामचंदानी को 6-0, 7-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# 'निवेशकों को भुगतान नहीं, सत्ताधारियों को वोट नहीं'

**जयपुर**। राज्य और देश के चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में निवेशकों को उनकी जमा राशि भुगतान के लिए "जब तक निवेशकों को भुगतान नहीं,सत्ता धारियों को वोट नहीं" के नारे को क्रेडिट सोसाइटी में निवेश करने वाले देश के हर निवेशको तक ले जाना होगा।

यह विचार क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी कार्यकर्ता एवं निवेशक संघर्ष समिति, राजस्थान के हटवाडा रोड, जयपुर स्थित मजदूर किसान भवन में एसएफआई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज सीबीआई-ई डी में जितने लूट और धोखाधडी के मुकदमे दर्ज हैं, उनमें 50 फीसदी से ज्यादा क्रेडिट एवं चिट फंड सोसायटी के खिलाफ है लेकिन ईडी का छापा सिर्फ विपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओं पर ही पडता है। कन्वेंशन में वरिष्ठ महिला नेता सुमित्रा चौपड़ा ने किसान आंदोलन से प्रेरणा लेकर कहा कि निवेशकों को उनकी जमा राशि भुगतान का रास्ता संघर्ष और आंदोलन से ही निकलेगा। उन्होंने कहा कि लूट से सबसे ज्यादा पीड़ा महिलाओं को होती है।

- **लूट से सबसे ज्यादा पीड़ा महिलाओं को होती है : सुचित्रा सिंह**

कन्वेंशन में वरिष्ठ एडवोकेट एवं पूर्व पार्षद राजेश सिंघवी ने कहा कि सरकार नोट और वोट की भाषा ही समझती है। नोट तो उन्होंने कॉरपोरेट से लेकर सरकार बना उनकी गुलामी स्वीकार कर ली, लेकिन हमें अब वोट की ताकत बता उन्हें सडक पर लाना होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार जब कॉरपोरेट। का टैक्स कम कर सकती है और कॉरपोरेट के लोन माफ कर सकती हैं तो उनके कम किए टैक्स और माफ किए लोन से कम राशि में भी देश के सभी निवेशकों को उनकी जमा राशि का भुगतान किया जा सकता है, लेकिन सरकार ऐसा नहीं करेगी। सरकार तभी कुछ करेगी, जब उनके वोट पर चोट पडेगी । सिंघवी ने कहा कि हर इंसान अपने जीवन को बेहतर करने के सपने देखता है लेकिन सरकार ने पूंजी पतियों से गठजोड कर उन सपनों को चूर चूर कर दिया है ।

# पीएनबी ने निर्धन महिलाओं को सिलाई मशीनें बांटीं

**जयपुर**, (का.सं.)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) अंचल कार्यालय जयपुर की ओर से आज जमवारामगढ़ तहसील में निर्धन एवं विधवा असहाय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल में सिलाई मशीन का वितरण किया गया।




यह कार्यक्रम राजस्थान दर्शन मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित मेरी पहचान मेरा सम्मान कार्यक्रम के तहत अंचल प्रमुख आरके बाजपेई एवं पीएनबी प्रेरणा की अध्यक्ष अंजू वाजपेई एवं पीएनबी प्रेरणा की सक्रिय सदस्य मनोज राठौड़ द्वारा कारपोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों के तहत हुआ।

इसमें जमवारामगढ़ तहसील क्षेत्र में आने वाली ग्रामीण क्षेत्रों की सैनिक वीरांगना, निर्धन एवं विधवा महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया। अंचल प्रमुख आर के बाजपेई ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु एवं महिला सशक्तिकरण हेतु इस पहल की शुरुआत की गई है। बैंक द्वारा प्रत्येक वर्ष अपने लाभ का कुछ हिस्सा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व में व्यय किया जाता है जिसके तहत आज इन सिलाई मशीनों का वितरण किया गया है। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक प्रीतम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक भरत महाजन, राजभाषा उप प्रबंधक ममता मीणा, जसवंत चौधरी एवं पीयूष जांगिड़ एवं अन्य पीएनबी के स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# 468 परिवारों को ग्रेटर निगम से नोटिस मिलने के विरोध में जुटे हजारों लोग

**जयपुर**। मानसरोवर के मध्यम मार्ग पर 468 दुकान व मकान मालिकों को ग्रेटर निगम द्वारा नोटिस थमाने के बाद अब व्यापारी और स्थानीय लोग विरोध में उतर आए हैं।

रविवार सुबह 84 सेक्टर खेल मैदान में सभी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों की बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि कोर्ट में जवाब पेश करने के साथ-साथ ही चरणबद्ध तरीके से सरकार के सामने भी व्यापारी अपनी बात रखेंगे। साथ ही विरोध स्वरूप दुकाने बंद रखकर पैदल मार्च निकालेंगे।

बैठक में विधायक अशोक लाहोटी ने कहा कि यह व्यापारियों की बहुत बडी पीडा है। यह राजनीति करने का मंच नहीं है, मैं एक कार्यकर्ता के रूप में व्यापारियों के साथ रहूंगा और जब तक यह समस्या समाप्त नहीं हो जाती जब तक फूल माला नहीं पहनूँगा यह मेरा संकल्प है।

विधायक लाहोटी ने कहा कि 90 मीटर तक सेटबैक में छूट का प्रावधान है, कोई सेट बैक लागू ही नही होते है। व्यापारी समझौता समिति में जा सकते है , यह उनका अधिकार और विकल्प है , समझौता समिति के निर्णय के बाद सेट बैक वायलेशन तय होता है।

लाहोटी ने कहा कि मध्यम मार्ग का लैंड यूज पहले से ही मिश्रित यूज़ करने के आदेश निकले हुए है। वर्ष 2014 में इसके आवेदन भी नगर निगम ने लिए हैं, परंतु आज तक उसमे निर्णय कर स्वीकृतियां जारी नही की गई है ।

नगर निगम और सरकार ने बडी चूक करते हुए हाई कोर्ट में भी इन सब बातों को नही रखा तथा सही जवाब नहीं दिया या ठीक से पैरवी नहीं की। जिससे यह एक पक्षीय निर्णय हुआ है और व्यापारियों को नोटिस दे दिए जिसका खामियाजा व्यापारी भुगत रहे हैं।

- **व्यापारियों नगर निगम के नोटिस के विरोध में मानसरोवर व्यापार मंडल संघर्ष समिति की बैठक आयोजित**
- **नगर निगम और सरकार के ठीक से पैरवी नहीं करने के कारण जयपुर शहर की 1.5 लाख और प्रदेश की 10 लाख दुकानों पर संकट उत्पन्न हुआ : लाहोटी**
- **लाहोटी ने संकल्प लिया कि जब तक व्यापारियों की यह समस्या समाप्त नहीं हो जाती जब तक फूल माला नहीं पहनूँगा**

लाहोटी ने बताया कि इस निर्णय से जयपुर शहर की डेढ़ लाख दुकाने और राजस्थान की 10 लाख दुकानों पर सरकार और नगर निगम की लापरवाही से संकट उत्पन्न हुआ है।

लाहोटी ने बताया कि "जब मैं महापौर था उस समय जयपुर शहर में परकोटे से लगी हुई लगभग 10 हजार दुकानों और मकानों पर 5 मीटर सेट बैक का ऐसा ही निर्णय हुआ था जिसको नगर निगम ने एफिडेविट देकर बोर्ड मीटिंग में पास करके सुप्रीम कोर्ट से राहत दिलवाई थी।"

आज मीटिंग में रामतीर्थ व्यापार मंडल के संरक्षक और संघर्ष समिति के मुकेश लख्यानी , सद्भावना व्यापार मंडल के संरक्षक मनोज पांडे, जयपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित सिंह साचोरा, आदर्श व्यापार मंडल के रामअवतार शर्मा, सद्भावना व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक जग्गा, सेंट्रल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज गोठवाल, महामंत्री भवर पंडित, पटेल मार्केट व्यापार मंडल के अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता ,विजयपथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश अरोडा थडी मार्केट व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश चौधरी बडा- बडा बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष मदन चौधरी, भास्कर व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिव दयाल मेट्रो व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल,पार्षद अभय पुरोहित, आशीष शर्मा, रामावतार गुप्ता, मनोज तेजवानी ने भी व्यापारियों का समर्थन किया।



नगर निगम के नोटिस के विरोध में मानसरोवर व्यापार मंडल संघर्ष समिति की बैठक को विधायक अशोक लाहोटी ने संबोधित किया।



## World Theatre Day


Whether writing and directing, producing and acting, creating beautiful costumes or doing lighting and scene design, theatre is a medium of art that requires a wide range of talented artists involved in a variety of ways. Theatres are magical places where stories come to life. The stage is a portal to other worlds, where we can laugh, cry, and be transported by the power of live performance.World Theatre Day is here to show appreciation for those who give their time and talent to make the show go on.



#FOOD FESTIVAL

## Pind Da Swaad

Sample Chef Sweety Singh's especially curated Punjabi fare that is far from strong spices and rich gravies at 'Pind Da Swaad' at Hotel Hilton.



Kesar Kheer.



Dal makhani.




**Tusharika Singh**
*Freelancer writer and city blogger*


For years, Punjabi cuisine has been labeled as rich and heavy. However, according to Chef Sweety Singh, also known as Harjinder Singh, this stereotyping could not be further from the truth. He believes that authentic, homemade Punjabi food is not heavy, but rather wholesome and nutritious, providing the body with all the necessary nutrients it requires. In an effort to share this authentic and flavorful food that with gastronomes in Jaipur, Chef Sweety has partnered with Abhishek Kukreti, Executive Chef of Hilton Jaipur, to curate the food festival 'Pind Da Swaad'.

Chef Sweety Singh is renowned for his innovative and nostalgic take on Indian food, and has curated an array of authentic dishes straight from the heart of Punjab. He has been cooking Punjabi food since the young age of 19, inheriting his unique style of cooking from his father who established a food business in Delhi in the 1950s. Despite having no formal training in cooking, Chef Sweety Singh continues the original family business and also runs his own catering. Interestingly, he carries his own spices and insists on slow cooking as a technique for his dishes.

Explaining his approach to authentic Punjabi cuisine, Chef Sweety Singh says, "My objective is to bring authentic ghar ka Punjabi khaana to the people of Jaipur. Punjabi cuisine is often overhyped as being too spicy and oily, but that is not true for how I cook. I believe in making everything fresh, from tomato puree to butter, and keeping the authenticity of pind ka Punjabi khaana alive. The Dal Makhni is slow cooked for 12 hours on charcoal, and the kebabs are marinated a day in advance to absorb the flavors."

Despite recent food trends towards veganism and gluten-free options, Chef Sweety Singh doesn't cater to these preferences in his cooking, preferring to serve Punjabi food the way it is. When asked for advice for aspiring chefs, he emphasizes the importance of learning from parents and grandparents, who he believes are the best teachers. While formal culinary courses offer important technical knowledge, the real understanding of cooking, especially Indian food, comes from practising.



Paneer Tikka.

**Must Try:** Start the meal with Kesar Lassi served in kulhad. For non-vegetarians, the most recommended dishes are Bhatti Ka Kukad, Makhani Macchi Tikke, Kukkad Makhan Wala, Amritsari Meat, among others. Vegetarians can sample Aloo Wadiya, Pindi Chole, Kadi Pakora. Those with a sweet tooth should not miss Kesar Wala Kheer, Meet Ka Halwa and Kala Gulab Jamun.

-------------------------

**Where:** Aurum, Hotel Hilton
**When:** 7 pm onwards, 24 March to 2 April



Abhishek Kukreti & Chef Sweety Singh.

James Inglis was an indigo planter in northern Bihar on the Bihar on the Nepal border, who worked there just before and after the revolt of 1857-58. In his Tent life in Tiger land, first published in 1888, he recounts that once when he was "on foot not thirty yards away but on the opposite side of a soft boggy ground...forth from the jungle in head long desperate flight came a magnificent full grown bull rhinoceros.....there was little time for reflection. It was evident that the angry brute had seen me, and with a hoarse, choking grunt of wrath and defiance he came plunging straight for me, rushing right into the morass." The animal got stuck in the bog, whereupon Inglis shot him broadside with two bullets, and gave a "yell of triumph, which I could not suppress" as "I saw the mighty brute sway to and fro, heaving his ponderous body as one may see a giant of the forest swayed by a rushing wind, and then with a hoarse groan he lurched forward struggled again through the tenacious clinging mud, and then crashed heavily over almost at my feet. What a glorious prize!"




**Divyabhanusinh**
*Ex India head for WWF, A renowned wildlife expert*


# How the British Loved To Hunt Genda

#STORY OF THE INDIAN RHINOS

The Last Great Mughal Emperor Aurangzeb spent the final years of his long life in the Deccan trying to subjugate the kingdoms of the south. With his death in 1707 signs of the fragmentation of the imperial order became clear. The empire became so weak that it could not stop the raid of Nadir Shah of Persia who sacked Delhi in 1739 and departed with much loot, including the priceless Koh-i-nur diamond and Shah Jahan's famous peacock throne. Still, Aurangzeb's successors largely managed to hang on to their ever-shirking kingdom until Bahadur Shah Zafar, who was reduced to the little King of Delhi, was exiled in 1858.

Amidst this turmoil in 18th-century north India-the region that concerns us-the British East India Company went from being a trading company to become a political power. The Battle of Plassey in 1757 and the Battle of Buxar in 1764 made the Company the most powerful temporal power among the competing fledgling states that were flexing their muscles against the weakened authority at Delhi.

### Field Sports under the British

The British who came to India as writers-clerks=boxwallahs-traders saw immense opportunities for relaxation from the drudgery of their daily routine in an inhospitable climate. Many who could never have dreamed of such opportunities "back home" took to a variety of "sports" with gusto and wrote about their exploits, shikar being the foremost among them? Books on the subject began to be written and continued to be published until India's independence in 1947 and after.

The nature of such publications is well analysed by Scott Bennett who writes: "The history of shikar has been left to be written by participants....we seek in vain for any analysis of what was done, and why it was done. In fact, the aim of such writers tended to be quite modest. To tell a good story, to inform the curious and to instruct the novice was all that was sought, and we are thus left with a remarkably uniform description of what was seen simply as an innocent amusement. A recent example of the genre is Major General James Elliot's Field Sports in India 1800-1947 published in 1973....The overwhelming impression gained from an account like Elliot's is that shikar was a harmless routine for the Britishers, which gave him (rarely her) a chance to break the bonds of civilization, while offering the chance of enjoying some of the better things of life."

There were, as well, works such as William rice's Indian Game (From Quail to Tiger) published in 1884 which informed the "griffin"-novice-of the type of sport available in a particular locality. Others like A.E. Stewart's Tiger and Other Big Game published in 1927 had chapter headings such as "Arrival at Your Block", "Trying out a Kill", "Inspection of Kills" etc. which speak abundantly of the nature of the contents.

It is in such texts that we look for references to the unicorn and its brush with Homo sapiens during this period. First off the block was Caption Thomas Williamson's Oriental Field Sports published in 1807, exactly half a century after the Battle of Plassey. He was in the Bengal Army, and lived in Cawnpore (Kanpur) and also in Calcutta which was the centre of the growing British Empire. Williamson was a colourful character. He took on the Governor-General Lord Wellesley, writing a libellous piece against him. He was cashiered and sent back to England in 1798 and there is believed to have penned his magnum opus to make some money. The book has a chapter on the rhino and a plate titled "Rhinoceros hunted by Elephants". It is apparent from the text that Williamson had no personal knowledge of the animal and merely recorded what he was informed by others, but his account is significant for being among the earliest of such records.

At the outset Williamson confesses that little is known about the rhinoceros's "habits, its powers, and many other very interesting points, (and) nothing authentic has been published". He goes on to describe the animal, but of greater interest is his record of fights between rhinoceros and elephant in the wild. He refers to a Major Lally who witnessed such a fight but did not see the end of it as the animals moved into thick jungle. Williamson also recounts an incident of a marauder rhinoceros encountered by two army officers at "Derriapore" near Monghyr in Bihar in 1788. The animal was reported to have attacked two horses of the officer's camp, goring them to death, thus proving "the cruel disposition of the animal".



More than his Match: A rhinoceros drives off a wild buffalo from its territory.
*From Sterndale, 1886.*

Robert Armitage Sterndale, writing nearly eight decades later, records that the rhinoceros is known to attack wild buffaloes and illustrates his point by a picture in one of his books titled "More than his Match". It is obvious that there could be such conflicts usually manage to keep their distance from each other in the wild, and fights which may result in grievous wounds or fatalities are rare indeed.

Rhinoceroses were hunted by both Indians and Britishers in this period. The common people among the Indians spears or muzzle-loading guns and the potentates among them used tame elephants to encircle an animal in tall grass before they finished it off with a gunshot. As for the British, they took to this "sport" of hunting the rhino enthusiastically and usually hunted from elephant back.

Williamson's book was soon followed by others which also recorded the "sport". James Inglis was an indigo planter in northern Bihar on the Bihar on the Nepal border, who worked there just before and after the revolt of 1857-58. In his Tent life in Tiger land, first published in 1888, he recounts that once when he was "on foot not thirty yards away but on the opposite side of a soft boggy ground...forth from the jungle in head long desperate flight came a magnificent full grown bull rhinoceros.....there was little time for reflection. It was evident that the angry brute had seen me, and with a hoarse, choking grunt of wrath and defiance he came plunging straight for me, rushing right into the morass." The animal got stuck in the bog, whereupon Inglis shot him broadside with two bullets, and gave a "yell of triumph, which I could not suppress" as "I saw the mighty brute sway to and fro, heaving his ponderous body as one may see a giant of the forest swayed by a rushing wind, and then with a hoarse groan he lurched forward struggled again through the tenacious clinging mud, and then crashed heavily over almost at my feet. What a glorious prize!"




Rhinoceros hunted by elephants, an illustration from the first book on shikar of the British period, williamson, 1807. The depiction of the elephants is not entirely accurate.
*From Williamson, 1807.*

### Mode Of Hunting

In an earlier work, Sport and Work on the Nepal Frontier (1878), Inglis, writing under the nom de plume "Maori", records an incident when he came across a rhinoceros that had been shot by a zamindar. The locals were hacking the dead animal up for meat. He mentions that the skin from the underside made excellent riding crops. The horn was very precious too, since "when a child is to be born, the husband gets a horn to keep in the house which ensures safety to both mother and child". That besides, the British also ate the meat. According to Alexander A. Kinlock, the animal's meat is excellent eating and is not easily distinguishable from beef. The tongue which is very curiously formed is particularly good"!


> Rhinoceroses were hunted by both Indians and Britishers in this period. The common people among the Indians spears or muzzle-loading guns and the potentates among them used tame elephants to encircle an animal in tall grass before they finished it off with a gunshot. As for the British, they took to this "sport" of hunting the rhino enthusiastically.



Bull rhinoceros. A glorious prize. A rhinoceros shot by an indigo planter for whom it would have been a proud trophy.
*From Inglis, 1888*

> Robert Armitage Sterndale, writing nearly eight decades later, records that the rhinoceros is known to attack wild buffaloes and illustrates his point by a picture in one of his books titled "More than his Match". It is obvious that there could be such conflicts usually manage to keep their distance from each other in the wild, and fights which may result in grievous wounds

Alexander A. Kinlock also described at some length the mode of hunting rhinoceroses. One method was to quietly track the animal on a single elephant "until he is at last found in its lair, or perhaps standing quite unconscious of danger". The other way was by beating the jungle with "a line of elephants, guns being stationed at the points where he (the rhinoceros) is most likely to break cover. It is essential to have beaters who have authority as both the mahout and elephants have the greatest dread of the huge beast that appears to be far more formidable than he really is. When disturbed he makes tremendous noise crashing through the reeds, and grunting and snorting with steam engine power, but unless driven to extremities by being hunted into a corner, I believe that it is but seldom that he will really charge home. I have not yet witnessed an instance of his doing so." Kinlock went on to state that if there were too many guns-hunters on elephant back-there would be wild firing. He noted that he used a .12 bore rifle.



A rhino fight at Baroda: Rhinos of the royal managerie were used for public entertainment in the 19th century. A fanciful representation as the rhinos here have two horns.
*From Rousselet, 1882*

### "Genera! Genera"

The name of Lord Curzon, Viceroy and Governor-General of India (1899-1905), is traditionally linked to rhinoceros protection. Once, when the Viceroy was hunting tigers in the Nepal Terai, he went on an impromptu rhinoceros hunt. He was there with a very small party and having shot a number of tigers had a few days to spare, so a request was made to the Nepalese ruler for shooting a rhinoceros. The Rana agreed readily, saying that "if the Viceroy could manage to take only a very small camp, and did not mind a rough journey, it might be arranged". Curzon went along with only his aide-de-camp, Baker Carr. The area of the jungle to be disturbed by the beaters-people on foot that would make a noise to flush out the wild animals-was in a long riverbed which was 200 yards broad and 600 yards long. As the beat began, Curzon hears a sound like a railway train and saw a large rhinoceros charging towards him. He dropped it with a bullet of the .577 rifle that he had borrowed from his ADC.



All dismounted from their elephants and the Nepalese beaters brought vessels to collect the blood of the animal oozing out of the wound as it was believed to have medicinal properties. While these proceedings were in progress the beaters suddenly shouted "Genera! Genera" (Rhinoceros!). The beaters scattered, the mahouts scampered up their elephants' trunks to their perches while the Viceroy and ADC were hoisted into their howdah. Curzon managed to shoot this rhinoceros, which was the mate of the one just shot, before she could do any damage. Towards the end of the shoot a tiger also came out, which was bagged by Baker Carr. The horn of one of the rhinoceroses shot by Curzon was over 21 ½ inches long, which he believed for a long time was a record. The record of course is that of a horn in the Natural History Museum, London with a length of 24 inches. The hunter's prize usually ended up as trophy on the wall or an artefact or object of use such as a stool or a flower-pot.


### Acknowledgement

1. **The Book:** 'The story of India's Unicorns'
2. **Authors:** Divyabhanusinh, Asok Kumar Das & Shibani Bose.
3. **Publisher:** The Marg Foundation.
4. **For Purchase:** The book is available for purchase on www.marg-art.org


#J'ADORE

## Accessories Your Workdays!

Accessorising is always the best way to make an impressive fashion statement



You got to love office wear! Blouses, trousers, turtle necks, shirts, pencil skirts, blazers, and the list goes on; there is something for every shade of smart and sophisticated!

Accessorising is always the best way to make an impressive fashion statement, and the workplace is no different! In this article, we will take you through 5 office wear jewellery trends that are tried and tested in their ability to elevate your workplace looks and lend an air of elegance even on the most hectic workdays.

### Good Set of Rings



Ring sets are always in fashion. Hence, they make for an apt investment. For office wear, in particular, metal ring sets add to a very polished, smart, and sleek look, elevating your day-to-day formal looks. They not only bedeck your fingers but also enhance the simplest of shirt-trouser combinations.

### Gold Hoops

Small to medium-sized gold hoops look quite professional, contrary to the prevailing perception of hoops being too hip or party-wear. Gold hoops fill the accessory void without the need to pair them with any more accessories and, thus, are very efficient for casual office wear, you could also try out contemporary earrings.

### A Pearl Necklace

Another addition to the timeless jewellery cohort, a pearl necklace conveys equal parts of grace and poshness. What else do you need in your office wear? It's also highly versatile; you can pair it with a formal dress, a simple blouse, or an elaborate pantsuit.

### A Tennis Bracelet



If fineness, luxury, and class had a one-stop destination, a tennis bracelet would be that. They come in a variety of metals and precious stones, suitable for every taste and outfit choice. The innate subtlety and beauty of this bracelet make your entire formal outfit a class above the rest!



### Minimalistic Rose Gold Jewellery

Rose gold is extremely subtle and elegant as a colour in itself. It will most certainly refine and stylise your persona paired with a formal outfit. Minimalistic rose gold jewellery can come in a dainty bracelet, chunky earrings, a simple pendant, or even a basic choker. There is plenty of variety available for everyone's preference.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर बंद रहे बाजार

**सुजानगढ़** (का.स)। सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर 9वें दिन बस स्टैण्ड पर आंदोलन जारी रहा। आंदोलन के तहत जिले की मांग को लेकर सुजला महासत्याग्रही किशोरदास स्वामी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को खून से पत्र लिखा।


स्वामी ने मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र में लिखा है कि सुजानगढ़ के साथ पक्षपात और भेदभाव हुआ। मुख्यमंत्री खुद गांधीवादी व लोकतंत्र के रक्षक होने के नाते सुजानगढ़ वासियों की जनभावना को समझते हुए लाडनूं तहसील को सुजानगढ़ में मिलाकर जिले की घोषणा करने की मांग की। वहीं व्यापारियों ने दूसरे दिन भी बाजार बंद रखे।

जनहित संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रामकुमार मेघवाल की अध्यक्षता में चल रहे आंदोलन में मेघवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता अब जिले की मांग पूरी होने के बाद ही सड़कों से हटेगी। साथ ही उन्होंने सुजानगढ़

■ **'क्षेत्र की जनता अब जिले की मांग पूरी होने के बाद ही सड़कों से हटेगी'**

को जिला बनाने की मांग को लेकर किये गये आंदोलन की जानकारी दी। मेघवाल ने कहा कि लम्बे संघर्ष के बाद सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव से मिलने के लिये मंगलवार का समय दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव के सामने जिले की मांग को प्रभावी ढंग से रखा जायेगा।

इस मौके पर किशोरदास स्वामी, हंसराज मेघवाल, अशोक माटोलिया, रामचंद्र लेघा, कामीनी प्रजापत, गणेश मण्डावरिया, भगवानस्वरूप गुरडा, मधुसूदन अग्रवाल, महावीर पारेवडा, गायत्री प्रजापत, लाडनूं से हरिराम मेहरडा, मुस्ताक खां, ओमप्रकाश मेघवाल, मान सिंह, सिराज खां, धनराज आर्य, रफीक राजस्थानी मौजूद रहे।



खून से लिखा पत्र दिखाते किशोरदास स्वामी।

## राइट टू हेल्थ बिल का विरोध जारी

**कोटा,** (निसं)। पूरे राजस्थान में राइट टू हेल्थ बिल को लेकर चिकित्सकों का विरोध लगातार दसवें दिन भी जारी रहा। आंदोलनरत चिकित्सकों की संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से दस सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल आज मुख्य सचिव से मिला और प्रथम दौर की वार्ता हुई। इसमें चिकित्सकों ने एक सूत्री मांग राइट टू हेल्थ बिल को वापस लेने की रखी, जिस पर सरकार की तरफ से कोई आश्वासन नहीं मिला। इस प्रतिनिधिमंडल में डॉ अशोक शारदा, डॉ सुनील चुघ, डॉ विजय कपूर, डॉ वीरेंद्र अग्रवाल, डॉ राज शेखर यादव, डॉ सुनील गरसा, डॉ रामदेव चौधरी, डॉ अर्चना शर्मा, डॉ नीरज डामोर एवँ डॉ चित्रेश शेखावत थे। आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में रैली निकाली गई। जयपुर और सीकर में एक कार रैली निकाली गई। इस आंदोलन को राज्य के विभिन्न चिकित्सा संगठनों, व्यापारी संगठनों, सामाजिक संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है। इसी आंदोलन के तहत कल जयपुर में एक महारैली निकली जायेगी, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 20000 लोगों के एकत्रित होने की संभावना है। इस रैली का उद्देश्य यही है कि सरकार को स्पष्ट रूप से ये संदेश जाये कि इस बिल को वापस लेने तक ये आंदोलन जारी रहेगा।

# राहुल गांधी की संसदी खत्म करने का विरोध, टायर जलाकर प्रदर्शन



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीसीसी सदस्य पूसाराम गोदारा व युवा कांग्रेस नेता रामवीर सिंह राईका के नेतृत्व में मेगा हाईवे पर संगम चौराहे के पास टायर जलाकर विरोध जताया

**रतनगढ़,** (निस)। लोकसभा में राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के विरोध में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने पीसीसी सदस्य पूसाराम गोदारा व युवा कांग्रेस नेता रामवीर सिंह राईका के नेतृत्व में मेगा हाईवे पर संगम चौराहे के पास टायर जलाकर विरोध जताया तथा केन्द्र सरकार के ख़िलाफ नारेबाजी की। इस दौरान मेगा हाईवे पर दोनो ओर वाहनों की कतार लग गई।

इस मौके पीसीसी सदस्य पूसाराम गोदारा ने कहा कि केंद्र सरकार ने लोकतंत्र का गला घोटने का काम किया है केंद्र सरकार के कुशासन के खिलाफ आम जनता में आक्रोश है राहुल गांधी को सच बोलने की सजा मिली है।

युवा कांग्रेस नेता रामवीर सिंह राईका ने कहा कि केंद्र सरकार ने राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर लोकतंत्र का गला घोटने का काम किया है भाजपा अपनी काली करतूतों को दबाने के लिए ये सब कर रही है उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही देश कतई सहन नहीं करेगा। राहुल गांधी के साथ देश के युवा कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं पूर्व शहर अध्यक्ष अरविंद चाकलान ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं की आवाज है राहुल गांधी के साथ अन्याय हम किसी हालत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान , ओबीसी प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष नवीन वर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला महासचिव चांद खा खोखर, पार्षद मुख्यतार अहमद खान, युवा कांग्रेस नेता संदीप सिंह भोजासर, पार्षद अब्बास गोरी , एनएसयूआई अध्यक्ष देवकीनंदन माहिच ,तैयब कुरेशी, कमल नायक, आकिब खींची आसिफ मालिक, नीरज वर्मा, मुकेश गोदारा, ओमप्रकाश भार्गव, पार्षद संदीप भार्गव, अजहर खान , रितेश राईका, बाबू लुहार, सतपाल श्योराण आदि मौजूद थे।

## एक गिरफ्तार

**देवगढ़,** (निसं)। दिवेर थाना क्षेत्र में व्यक्ति द्वारा तलवार लेकर आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने की सूचना पर दिवेर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया हैं। दिवेर थाना अधिकारी सुरेन्द्र सिंह शक्तावत ने बताया कि रविवार को मुखबीर के जरिये सूचना मिली की सातपालिया रोड दिवेर में एक लड़का अपने हाथ में तलवार लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। जिस पर दिवेर थाना टीम गठित कर हैड विरेन्द्र कुमार, कानि. कुलदीप, कानि. भावेश कुमार मय वाहन के रवाना किया गया जो जाप्ता द्वारा मौके पर जाकर देखा तो एक व्यक्ति अपने कब्जे में तलवार रख आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था जिसको पुलिस जाप्ता द्वारा तहसली देकर उक्त व्यक्ति से तलवार को पुलिस कब्जे में लेकर व्यक्ति को नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अर्जुनसिंह निवासी कोट तिराहा दिवेर होना बताया।

# सलमान खान को धमकी देने वाले को मुम्बई पुलिस को सौंपा

**जोधपुर,** (कासं)। फिल्म अभिनेता सलमान खान को ई-मेल से जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को जोधपुर की लूणी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसे आज मुंबई पुलिस के सुपुर्द किया है। आरोपी ने पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता को भी ई-मेल पर जान से मारने की धमकी दी थी।

लूणी थाना अधिकारी ईश्वरचन्द पारीक ने बताया कि पुलिस थाना बांद्रा व्रत मुंबई शहर में फिल्म अभिनेता सलमान खान को ई-मेल भेजकर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में मुंबई पुलिस को आरोपी की तलाश थी। मुंबई की पुलिस रविवार को जोधपुर आई थी। पुलिस ने लूणी थाने के सहयोग से धमकी देने वाले आरोपी धाकड़ राम (21) पुत्र रामलाल विश्नोई निवासी सियागों की ढाणी रोहिचा कलां पुलिस थाना लूणी को दस्तयाब किया। गौरतलब है कि इसी आरोपी की तलाश में पंजाब पुलिस की टीम भी 24 मार्च को लूणी थाना आई थी। आरोपी ने दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता को ई-मेल भेजकर जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस मामले में भी यह फरार चल रहा था। इसको लेकर पुलिस थाना सदर मानसा में भी मामला दर्ज करवाया गया था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में आर्म्स एक्ट का सरदारपुरा थाने में मामला दर्ज है।

आरोपी को 12 सितंबर 2022 को सरदारपुरा थाना पुलिस ने नेहरू पार्क के पास में अवैध हथियार के साथ पकड़ा था। पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि नेहरू पार्क के पास एक युवक अवैध हथियार लेकर बेचने की फिराक में खड़ा है। इस पर पुलिस की टीम ने नेहरू पार्क पहुंची। यहां पुलिस को देख युवक भागने लगा पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके जींस पैंट के दाएं जेब में एक देसी पिस्टल व पेंट की बाई जेब में देसी कट्टा मिला। पूछने पर उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया इस पर पुलिस उसे थाने ले आई। आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने खुद का रसूख जमाने के लिए सलमान खान और मूसेवाला के पिता को धमकी दी थी। इसके बाद पुलिस हरकत में आई। आरोपी ने सिद्धू मूसेवाला के पिता को ईमेल भेजकर धमकी दी जिसमें कहा कि तुम्हारा भी हाल सिद्धू मूसेवाला की तरह ही करेंगे। इसके बाद सिद्धू मूसेवाला के पिता की तरफ से पंजाब के मानसा थाने में मामला दर्ज कराया था। आरोपी को मुंबई पुलिस अपने साथ ले गई है। जहां उससे पूछताछ की जाएगी। साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही कि उसके तार कहीं लॉरेंस गैंग से तो नहीं जुड़े हुए हैं।

# खदान में गिरा पत्थर, दो की मौत

**पाली,** (नि.सं.)। पाली के सदर थाना क्षेत्र में रविवार को पत्थरों की माइंस में अचानक भारी पत्थर गिर गया। जिसके नीचे दबने से 2 श्रमिकों की दर्दनाक मौत हो गई और एक जना गंभीर घायल हो गया। काम कर रहे अन्य श्रमिकों ने भागकर अपनी जान बचाई। मृतकों के शव पाली के बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाए हैं और घायल का उपचार जारी है।

पाली के भालेलाव गांव के निकट भगवानसहाय की पत्थर की माइंस में रविवार सुबह करीब 11 बजे हुआ। हमेशा की तरह करीब 7-8 मजदूर यहां काम कर रहे थे। अचानक एक भारी पत्थर कई फीट की ऊंचाई से माइंस में गिरा। नीचे काम कर रहे मजदूर जब तक समझते पत्थर उनके ऊपर आकर गिर गया।

पत्थर के नीचे दबने से झुंझुंनु जिले क नार सिघांनी (मुकनगढ़) निवासी मजदूर 20 साल के अंकित पुत्र विजय सिंह महला जाट और सीकर जिले के बेरी भजनगढ़ (दादिया) निवासी 22 साल के सरदार पुत्र प्रहलाद सिंह मेघवाल की मौत हो गई। हादसे में सीकर जिले के बलारात (लक्ष्मणगढ़) निवासी 18 साल का बबलू पुत्र महेन्द्र मीणा सिर में पत्थर लगने से गंभीर घायल हो गया। जिसका पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में उपचार जारी है। मृतक अंकित और सरदार का शव बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है।

सदर थाना पुलिस ने बताया कि माइंस सीकर जिले के जेतुसर (रिंगस) निवासी भगवान सहाय पुत्र बिजुराम जाट की है। हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ और सरदार की बॉडी माइंस में काम करने वाले सुबह करीब 12 बजे लेकर बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे गए। अंकित की बॉडी पत्थर के नीचे दब गई जिसे निकालने में उन्हें करीब दो घंटे लग गए। उसके बाद बॉडी लेकर बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे। घटना को लेकर उन्होंने संबंधित सदर थाने में हादसे की सूचना तक नहीं दी। दोपहर दो बजे हॉस्पिटल से सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

## दो बालिकाएं दस्तयाब

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर के बालिका गृह से शनिवार देर रात लापता हुई सवाईमाधोपुर और रूपवास की रहने वाली दोनो नाबालिग बालिकाओं को पुलिस ने जनाना अस्पताल से दस्तयाब कर लिया। बालिका गृह से निकलकर दोनो बालिकाएं अपनी परिचित के पास जनाना अस्पताल पहुंची थी। जिस पर मुखबिर की सूचना पर मथुरागेट थाना से सहायक उपनिरीक्षक शिवलाल ने जनाना अस्पताल पहुंचकर दोनों बालिकाओं को अपने संरक्षण में लेकर सेवर थाना पुलिस को सुपुर्द किया।

सेवर थाना अधिकारी अरूण चौधरी ने बताया कि बालिकाओं को राजकीय बालिका गृह में सुपुर्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि रोजाना की तरह शनिवार को भी सभी बालिकाओं को परिसर में घूमने के लिए छोड़ा था। देर शाम को सभी को रूम में भेज दिया गया, लेकिन दो लड़कियां रूम में नहीं गई और परिसर में ही बैठी रहीं। इसके बाद वे रात को फरार हो गई। सुबह बालिका ग्रह के स्टाफ को घटना का पता लगा। बालिका ग्रह के अधीक्षक गोविंद ने सेवर थाने में मामला दर्ज करवाया।

# सांसद ने अहमदाबाद-गोरखपुर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित होने पर सांसद भागीरथ चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। रेलवे स्टेशन पर आयोजित स्वागत समारोह में सांसद चौधरी ने कहा की सार्थक सफलता आमजन के लिये राहत भरी होगी, इससे यात्रियों को इधर उधर नहीं जाना पड़ेगा।

स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर ट्रेन उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने बताया की गाडी संख्या 19409 अहमदाबाद-गोरखपुर ट्रेन अहमदाबाद से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर सांय 06.43 बजे आगमन होगा। साथ ही गाडी संख्या 19410 गोरखपुर-अहमदाबाद ट्रेन गोरखपुर से प्रस्थान कर रात्री 2 बजे किशनगढ रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। समारोह में किशनगढ मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष



ट्रेन का ठहराव होने पर सांसद भागीरथ चौधरी ने हर्ष व्यक्त किया।

सुधीर जैन, डीआरयूसीसी सदस्य महेंद्र पाटनी, मंडल रेल प्रबंधक जयपुर नरेंद्र, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मुकेश, मंडल परिचालन मिहिर देव, भाजपा नेता किशनगोपाल दरगड, पार्षद मनेन्द्र, नवीन जिंदागल, मनीष, अजीत, विक्रम, मानाराम जाट, शंकर शर्मा, सोनम जांगिड, एडवोकेट नवीन, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव, दीपेश गुप्ता, शिवसेना हिंदुस्तान जिलाध्यक्ष गोपाल, प्रेमचंद साहू सहित सूर्यप्रकाश, के.के जोशी, मनीष, अमित अग्रवाल, प्रदीप, बबलू, रवि, बलराम सामरिया, इंदरसिंह, सोनू, संतोष, पायलेट नंदकिशोर वैष्णव एवं रेल कर्मचारी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विद्युत तार चोरी की वारदातों का खुलासा, दो जने गिरफ्तार

**रामगंजमंडी,** (निसं)। शहर पुलिस ने विद्युत लाईन तार चोरी की वारदातों का खुलासा करने के साथ चोरी का माल बरामद कर दो अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर जिला कोटा ग्रामीण ने बताया कि जिला कोटा ग्रामीण पुलिस के थाना रामगंजमण्डी क्षेत्र के किसानों के दो खेतों से अज्ञात चोरों द्वारा विद्युत कनेक्शन की लगभग 1200 मीटर तार चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए थाना रामगंजमण्डी पुलिस टीम द्वारा विद्युत लाईन चोरी के मामले में लखन सैनी पुत्र तुलसीराम निवासी रोंसली रामगंजमण्डी व रवि पुत्र विक्की कुम्हार निवासी रोंसली रामगंजमण्डी को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद करने में सफलात प्राप्त की है।

फरियादी रितेश कुमार पुत्र बाबूलाल मेघवाल (38) निवासी रामदेव जी मंदिर के पास काला तलाब

■ **दोनों अपराधियों से पुलिस ने चोरी के माल को छुपाये गये स्थान से बरामद किया**

कोटा थाना रेलवे कॉलोनी कोटा हाल कनिष्ठ अभियंता शहरी जयपुर डिस्कॉम रामगंजमंडी जिला कोटा ने 18 मार्च को थाना रामगंजमण्डी पर उपस्थित होकर रिपोर्ट पेश की कि गोवर्धनपुरा रामगंजमंडी मे रमेशचन्द व रामरतन धाकड दो कृषि कनेक्शन उपभोक्ताओं की एल.टी. लाईन की बेयर कंडक्टर तार दो स्थान लगभग 1200 मीटर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। जिस कारण संबंधित दोनों उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बंद है। अत: उक्त अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। रिपोर्ट पर धारा 136 विद्युत अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

थाना रामगंजमण्डी क्षेत्र में किसानों के कृषि कनेक्शन की विद्युत लाईन अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी करने के मामले को गम्भीरता से लेते हुऐ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरूण माच्या के सुपरविजन में वृताधिकारी वृत रामगंजमण्डी कैलाश जिन्दल के निर्देशन में थानाधिकारी थाना रामगंजमण्डी मनोज कुमार को शामिल कर विशेष टीम का गठन किया गया तथा विद्युत लाईन चोरी करने वाले अज्ञात बदमाशों को गिरफ्तार करने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये।

गठित विशेष टीम द्वारा रामगंजमण्डी क्षेत्र में किसानों के कृषि कनेक्शन की विद्युत लाईन अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी करने के मामले को गम्भीरता से लेते हुए चोरों की तलाश प्रारम्भ की गई। पुलिस टीम को मुखबीरों से सुचना प्राप्त हुई की दो व्यक्ति चोरी का माल बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। जिस पर पुलिस टीम को मिली सूचना के आधार पर दो व्यक्ति लखन सैनी व रवि कुम्हार को डिटेन किया गया तथा दोनों से सख्ती से पूछताछ की गई तो उक्त अपराधियों ने किसानों के कृषि कनेक्शन की विद्युत लाईन चोरी करने की बात स्वीकार की। जिस पर प्रकरण में अपराधी लखन सैनी व रवि को गिरफ्तार किया गया तथा दोनों अपराधियों द्वारा चोरी के माल को छुपाये स्थान से बरामद किया गया।

पूछताछ में पता चला की अपराधियों को पैसों की जरूरत होने से दोनों ने मिलकर खेतों से विद्युत लाईन के तार को चोरी करने का प्लान बनाया था। उक्त प्लान के तहत दोनों ने दो खेतों से विद्युत लाईन के तार चोरी किये तथा उनको बेचने की फिराक में थे। परन्तु थाना रामगंजमण्डी पुलिस टीम द्वारा दोनों अपराधियों को चोरी का माल बेचने से पहले ही पकड़ लिया।

# कैलादेवी मेले में फर्जी रसीदों से पार्किंग शुल्क वसूली पकड़ी

**करौली,** (निसं)। पंचायत राज मंत्री ने आकस्मिक निरीक्षण में अवैध पार्किंग वसूली का घालमेल पकड़ा। पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा को कैलादेवी मेले के किए आकस्मिक निरीक्षण में व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आई।

सबसे भारी अनियमितता श्रद्धालुओं से वाहन पार्किंग शुल्क वसूली में नजर आई। ग्राम पंचायत की ओर से संचालित पार्किंग में फर्जी रसीदों से श्रद्धालुओं से मनमानी पार्किंग राशि वसूली जा रही थी। मंत्री के पहुंचते ही पार्किंग संचालकों में खलबली मच गई। इस दौरान मेला अधिकारी करौली एसडीएम दीपांशु सागवान, कैलादेवी डीएसपी गिर्राज मीणा, थानाधिकारी कैलादेवी की मौजूदगी में करौली पंचायत समिति की विकास अधिकारी ने मौके से कई फर्जी रसीद बुक बरामद की।

मौके पर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित अन्य जिलों से आए श्रद्धालुओं ने बताया कि पार्किंग संचालक मनमानी राशि वसूल रहे हैं। 100-100 रुपए की पार्किंग रसीद दी जा

■ **पंचायत राज मंत्री ने निरीक्षण में अवैध पार्किंग वसूली का घालमेल पकड़ा**

रही है। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने पार्किंग संचालकों द्वारा मारपीट करने की भी शिकायतें की। विकास अधिकारी ने बताया कि जो रसीद बुक मौके से जप्त की गई है वह रसीद बुक पंचायत समिति की ओर से जारी नहीं की गई है। इस पर मंत्री ने पार्किंग संचालक के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस दौरान एक खेत में वाहनों का जमावड़ा देख मंत्री वहां पहुंचे तो पता चला कि अवैध रूप से पार्किंग संचालित हो रही है। वाहन मालिकों से पूछताछ में पता चला कि उनको ग्राम पंचायत की पार्किंग शुल्क वसूली की रसीदे दे दी गई है। लेकिन विकास अधिकारी ने उन रसीदों को देखा तो वे भी फर्जी निकली। इस पर मंत्री ने गड़बड़ी करने वालों पर प्रभावी कार्वाई के निर्देश दिए। मंत्री ने कैलादवी आस्था धाम में गंदगी सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी नाराजगी जताते हुए सुधार की हिदायत दी। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व लोगों का कहना है कि 8 दिन से चल रहे मेले में इस प्रकार की भारी अनियमितता हो रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को नजर नहीं आ रहा।

जानकारों का कहना है कि मेला मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारियों ने पार्किंग,मनोरंजन थिएटर बाईपास रोड आदि व्यवस्थाओं का मेला शुरू होने के बाद निरीक्षण ही नहीं किया है ऐसे में श्रद्धालुओं से लूट मची है और उन्हें परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। मंत्री ने कैला माता की धोक लगाई और प्रदेश में सुख-शांति की कामना की। इस मौके पर जिला प्रमुख प्रतिनिधि रक्षीलाल बैरवा, रामसहाय मीणा गुरदह, सुरेश गुर्जर बिंदापुरा, रमेश सरपंच खूबनगर, कैलादेवी कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष कुंजबिहारी जिंदल, पीसीसी सदस्य सियाराम बैरवा, राधेश्याम माली, मनोज शर्मा सहित अन्य कैलादेवी क्षेत्र के लोगो ने माता के ढोक लगाकर खुशहाली की मन्नत मांगी।

## दो लाख श्रद्धालुओं ने किए कैला माता के दर्शन

**करौली,** (निसं)। उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठ तीर्थ स्थल कैलादेवी में चल रहे लक्खी जात चैत्र नवरात्र मेले के आठवें दिन रविवार को करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने माता की चौखट पर माथा टेक कर मनौती मांगी।

आस्था धाम कैलादेवी में इन दिनों मेला पूरे परवान पर है। कुंभ मेले के बाद लघु कुंभ के नाम से प्रसिद्ध कैला माता के मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब लगातार उमड़ रहा है। रविवार को आठवें दिन भारी भीड़ को देखते हुए कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा कड़े बंदोबस्त किए।

मंदिर के मुख्य द्वार से यात्रियों को प्रवेश देते हुए निकास की व्यवस्था नरसी गेस्ट हाउस रोड पर की गई। इस दौरान आस्था धाम श्रद्धालुओं से खचाखच भरा दिखाई दिया और मंदिर प्रांगण जयकारों से गुंजायमान हो उठा। दिन भर बाजारों में चहल-पहल दिखाई दी। वहीं खेल खिलौने और भोग प्रसाद की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती रही। इधर निजी बसों में ओवरलोड सवारियां भरकर सड़कों पर दौड़ती रही लेकिन उन्हें रोकने, टोकने वाला कोई नहीं था।

कैला देवी मंदिर ट्रस्ट के मेला नियंत्रण अधिकारी एडवोकेट संतोष सिंह ने बताया कि मेले के आठवें दिन रविवार को करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने माता की चौखट पर मत्था टेक कर मनौती मांगी वहीं अब तक दर्शनार्थियों की संख्या 25 लाख से अधिक पहुंच चुकी है। मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को स्वयंसेवकों द्वारा रैलियों में ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराए गए पानी के पाउच वितरण किए जा रहे हैं।

## अफीम बेचते युवक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले की घमूड़वाली थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को नहर के किनारे अफीम की बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया। उसके पास से अफीम बिक्री के साढ़े सात हजार रुपए भी मिले हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी घबरा गया। उसका

■ **अफीम बिक्री के साढ़े सात हजार रुपए भी मिले**

चेहरा देख पुलिस टीम को शक हुआ। तलाशी ली तो उसके पास से पचास ग्राम अफीम बरामद हुआ। वह यह अफीम इलाके में बिक्री कर रहा था।

पुलिस टीम को घमूड़वाली इलाके में नहर के किनारे एक व्यक्ति के अफीम बेचने की जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस टीम ने उस इलाके में गश्त शुरू की। आरोपी नजर आया तो पुलिस टीम उसकी ओर बढ़ी। पुलिस को देखते ही वह घबरा गया। उसकी घबराहट देखकर शक पुख्ता हो गया। पुलिस टीम ने तलाशी ली तो उसके पास पचास ग्राम अफीम मिली। बारहमासी नहर के पास वाटर वर्क्स के नजदीक पकड़े गए आरोपी अनिल कुमार (35) पुत्र दिलीप कुमार से नशे के सप्लायर के बारे में पूछताछ की जा रही है। आरोपी घमूड़वाली इलाके के गांव हुणतपुरा का रहने वाला है।

# घर के ताले तोड़ लाखों रुपए की ज्वैलरी चुराई

**बीकानेर,** (कासं)। व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र के सुदर्शना नगर स्थित एक मकान के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए की ज्वैलरी और रुपए चोरी कर लिए। घटना की सूचना मिलने पर डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम ने मौका मुआयना कर चोरों के फिंगर प्रिंट लिए। व्यास कॉलोनी पुलिस ने पीड़ित अनिल जैन की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। उधर दिल्ली में पकड़े गए कुछ संदिग्धों के इस चोरी में शामिल होने की सूचना पर व्यास कॉलोनी पुलिस की टीम दिल्ली के लिए रवाना हुई।

एसपी तेजस्वनी गौतम के निर्देश पर गठित स्पेशल टीम ने दिल्ली पुलिस के सहयोग से पांच-सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक आरोपी जिसके घर चोरी हुई है, वहां नौकर रह चुका है। जानकारी के अनुसार सुदर्शना नगर निवासी अनिल जैन शुक्रवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दोपहर को नोखा गए थे। कुछ घंटों बाद ही उनके पड़ोसी का फोन आया कि उनके घर के ताले टूटे हुए हैं। घर संभाला तो वहां रखी लाखों रुपए की ज्वैलरी और नकदी रुपए नहीं मिले। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से फिंगर प्रिंट लिए गए। जिस आरोपी को दिल्ली पुलिस ने अपनी हिरासत में लिया है, वह अनिल जैन के घर फरवरी में नौकरी छोड़कर गया था। इससे पहले आरोपी एक बार अनिल जैन के साथ देशनोक भी गया, जहां भी चोरी की घटना हुई है। माना जा रहा है कि पकड़े गए नौकर ने ही अनिल जैन के घर और देशनोक में चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

## अवैध खनन कर परिवहन करते दो वाहन जब्त


**नोखा,** (निसं)। पुलिस ने बजरी का अवैध खनन कर परिवहन करते दो वाहन जब्त किए है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की रही है। थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि अभियान के तहत गश्त के दौरान दो वाहन एक ट्रक डंपर व एक ट्रेक्टर ट्रॉली में अवैध रूप से बजरी का खनन कर ओवरलोड भरकर परिवहन करते हुए जब्त किया गया।

# वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन की घोषणा से वीरान हुए रेलवे लोको के फिर आबाद होने की उम्मीद

## गंगापुर सिटी में स्थित 10000 स्टीम इंजनों की क्षमता वाले इस लोको में लगभग पांच हजार कर्मचारी कार्य करते थे

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। भाप के इंजन के समय गंगापुर का लोको पूरे रेलवे में प्रसिद्ध था। जहां लगभग 5 हजार कर्मचारी कार्य करते थे। 10000 स्टीम इंजनों की क्षमता वाला ये लोको इतना आबाद था कि लोग दूर-दूर से यहां के रेलवे कॉलोनी व लोको को देखने आया करते थे। परन्तु रेलवे के कुछ नेताओं व रेल अधिकारियों की हठधर्मिता और समय बदलने के साथ यहां का आबाद लोको वीरान हो गया। जहां आज भी कुछ खण्डर के अवशेष मौजूद है। अरबो रूपए की बेशकीमती जमीन अधिकारियों की अनदेखी व राजनीतिक उपेक्षा के कारण उजड़ गया, जबकि रेलवे के अधिकारी अन्य स्थानों पर महंगी जमीने खरीद कर कारखाने स्थापित कर रहे है।

ये भूमि स्टेशन के एक छोर को छू रही है और इसमें इलैक्ट्रिक रेल इंजन रिपेयर कारखाना, स्लीपर कारखाना, आरपीएफ ट्रेनिंग सेन्टर सहित कोई भी



वीरान लोको यार्ड एवं लोको यार्ड में बना पुराना भवन।

कारखाना स्थापित किया जा सकता है। इसके अलावा भी अरबों रुपये की ओर भी जमीन चूली गांव के रास्ते पर बेकार पड़ी हुई है। जिस पर भूमाफियाओं की नजर है। उक्त भूमि पर पूर्व में भी कुछ लोगों ने कब्जा कर रखे थे परन्तु कुछ रेल अधिकारियों की सक्रियता से उन अतिक्रमों को ध्वस्त कर रेलवे ने जमीन अपने पजेशन में ले ली। यहां के रेलवे को पुनः आबाद करने के लिए रेल विकास संघर्ष समिति के बैनर तले कई महिनों तक आन्दोलन चला परन्तु रेल अधिकारियों की मनमानी के कारण गंगापुर को कोई लाभ नहीं मिला। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा गंगापुर सिटी को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने की घोषणा करने से लोगों में फिर गंगापुर रेलवे के आबाद होने की उम्मीद जागी है। वर्ल्ड क्लास स्टेशन की सुविधाओ में बढ़ोतरी के साथ यहां रेलवे को बहुत कम लागत में कारखाना स्थापित करने में सुविधा रहेगी। गंगापुर सिटी स्टेशन दिल्ली मुम्बई रेल मार्ग पर स्थित है। यहां पानी सहित सभी संसाधन उपलब्ध है। रेलवे के पास जितनी भूमि गंगापुर सिटी में है इतनी भूमि पूरे कोटा डिविजन कही पर भी नहीं है। परन्तु राजनीतिक उपेक्षा और अधिकारियों की मनमानी के कारण जो रेलवे गंगापुर की जमीन कभी आबाद हुआ करती थी वह आज वीरान पड़ी हुई है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष पर राजसमंद झील को प्रदूषित करने का आरोप

## झील पेटे में मार्बल स्लरी डालकर लगभग पांच बीघा में विशालकाय डंपिंग यार्ड बना डाला

**राजसमंद,** (निसं)। राजसमंद झील जिससे पूरे राजसमंद शहर में पीने का पानी सप्लाई होता व पूरा शहर पानी पीता है। ग्राम पंचायत पसुन्द के सरपंच अयन जोशी का कहना है कि ग्रामवासियों की शिकायत पर संज्ञान लिया तो पाया की मुकेश जोशी पिता मीठालाल जोशी द्वारा झील पेठे में मार्बल स्लरी डालकर लगभग 5 बीघा में विशालकाय डंपिंग यार्ड बना डाला है। जिसकी खबर पहले भी अखबारों में प्रकाशित हो चुकी है।



जब भी बारिश होती है यह स्लरी राजसमंद झील के पानी में घुल-मिलकर पानी को प्रदूषित करती है।

- **ग्राम पंचायत पसुन्द के सरपंच अयन जोशी ने ग्रामीणों की शिकायत पर लिया संज्ञान**

जब भी बारिश होती है यह स्लरी राजसमंद झील के पानी मे घुल-मिलकर पानी को प्रदूषित करती है।

आस पास किनारे पर जो पशु चरने के लिए आते है वो इस मलबे में फंस कर मरने जैसी हालत में पाए जाते है साथ ही उन्हें प्रदूषित पानी पीने को मिलता है। यही नही वहां किनारे स्तिथ उच्च माध्यमिक विद्यालय में जब पंचायत द्वारा हैंड पंप खुदवाया गया तो उसमें पानी के साथ मलबे के पाउडर निकलता है जो कि बच्चो के स्वास्थ्य को पूरी तरह से अस्वस्थ करने में कोई कसर नही छोड़ता।

कार्यवाही करने की बात पर ग्राम पंचायत ने बताया कि मुकेश जोशी को ग्राम पंचायत ने नोटिस जारी करते हुए झील पेठे को व उक्त भूमि को प्रदूषित न करने के लिए पाबंद किया गया लेकिन मुकेश जोशी जो कि वर्तमान में प्रताप मंडल अध्यक्ष है व अपने राजनैतिक पहुँच का इस्तेमाल करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही होने से रोक दिया जाता है ग्राम पंचायत पसुन्द के सरपंच का कहना है कि ऐसे राजनेतिक पहुँच का फायदा उठाकर लोग खुलेआम अवैध डंपिंग, अवैध भूमि अधिग्रहण जैसे कई कार्य सभी जगह किये जा रहे है लेकिन प्रशासन व संबंधित विभाग द्वारा कठोर व सख्त कदम उठाना तो दूर इनका संज्ञान तक नही लिया जा रहा। अगर ऐसा ही चलता रहा तो एक दिन राजसमंद को बड़ी समस्या का सामना करना पड सकता है।

# रीको के जर्जर भवन में जी का जंजाल बनी अवैध गतिविधियां

**चूरू,** (कासं)। जिला मुख्यालय पर स्थित रीको का एक भवन जर्जर होकर अवैध गतिविधियों का स्थान बन गया है। चूरू में रीको कार्यालय व बैंक के सामने डाकघर हुआ करता था। बाद में वह डाकघर बंद कर दिया गया। यहां रीको ने कबाड़ आदि डालकर ताला लगा दिया। यहां लगाया गया ताला कोई मायने नहीं रखता है। इसके दरवाजे आदि पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। यहां शाम ढलते ही घर वालों से छिपकर

- **चूरू स्थित इस भवन की दीवारों पर बैठकर लोग आराम से शराब का सेवन करते हैं**

शराब पीने वाले आ जाते हैं।

कई तो कार, बाईक आदि लेकर आते हैं। इसकी दीवारों पर बैठकर आराम से शराब का सेवन करते हैं। जाते समय बोतल, पव्वा आदि वहीं आसपास सड़क पर फोड़ देते हैं। इसी प्रकार यहां अन्य प्रकार की अवैध गतिविधियां होना भी आम बात हो गई है। लोग दीवार फांदकर अंदर चले जाते हैं। यहां दीवार को ऊंचा करने के लिए पत्थर तो गिरवा दिए हैं लेकिन दीवार



जिला मुख्यालय पर स्थित रीको का एक भवन जर्जर होकर अवैध गतिविधियों का स्थान बन गया है।

को ऊंचा करने और जर्जर भवन की मरम्मत करने का कार्य नहीं हो रहा है। इस संबंध में कार्य करने के लिए रीको के पास बजट ही नहीं है। रीको के पार्कों की स्थिति तो और भी दयनीय बनी हुई है। यहां ना तो रीको को कोई परवाह है और ना ही विश्वकर्मा उद्योग संघ को कोई मतलब है। संबंधित लोग बैठकों में शामिल होकर गर्दन हिलाने तक का कार्य करके अपने कर्त्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। यहां रीको के जर्जर भवन के पास ही स्थित विश्वकर्मा उद्योग संघ का अर्द्धनिर्मित भवन खुद अवैध गतिविधियों का अड्डा बना हुआ है। कोई ध्यान ही नहीं दे रहा है। सब अपनी-अपनी रोटियां सेकने में लगे हुए हैं। यहां इस भवन का निर्माण कार्य बड़े ही जोर-शोर से शुरू किया गया था, जो वर्षों बाद भी पूरा नहीं हुआ है। यहां ये दोनों भवन आसपास के लोगों और राह चलते आमजन के लिए जी का जंजाल बने हुए हैं। यहां कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। जिला प्रशासन को खुद इस ओर ध्यान देना चाहिए।

# युवक के साथ लूटपाट

**डूंगरपुर,** (निसं)। बीते दिन स्कूल से घर लौट रहे एक युवक को बाइक पर आए दो बदमाशों ने मारपीट कर लूटा। पीडित मांडेला चिखली निवासी मोहित पुत्र मोहनलाल बामणिया ने लिखित रिपोर्ट बताया कि शनिवार को विद्यानिकेतन स्कूल से गोकुलपुरा की ओर से जा रहा था। इस दौरान एक बाईक दो बदमाश आए और उसको रोककर मारपीट करने लगे। बदमाशों ने उसे सब्जी मंडी परिसर में ले गए जहां उसको डराया धमका और मारपीट की।

- **पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

बदमाशों ने उसके मोबाइल और जेब में रखे 100 रूपए छीन लिए। इसके बाद बदमाशों ने युवक के से एक हजार रूपए मांगे। जिसपर युवक मोहित ओर रूपए नहीं होना बताया तो बदमाशों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीडित युवक ने बताया कि बदमाशों ने यूपीआई कोड अपने पापा मोहनलाल बामणिया और दोस्त ऋतिक बामनिया को भेजा और ऑनलाइन 500-500 रूपए ट्रांसफर करवाकर बदमाशों ने पीडित युवक को बाईक पर बैठकार निंकुज प्लाजा के निकट गली में छोडकर भाग खडे हुए। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी।

# गोविन्द गुरु जनजातीय विवि. ने फिर निर्विघ्न रूप से आयोजित करवाई राज्य पात्रता परीक्षा

## सीधे केन्द्रों पर सामग्री भेजने का प्रयोग रहा सफल

**बांसवाड़ा,** (निसं)। राज्य में दस साल बाद हो रही राज्य पात्रता परीक्षा रविवार को राज्य के सातों संभाग मुख्यालयों: अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा एवं उदयपुर पर शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। परीक्षा में कुल 1,35,32 पंजीकृत परीक्षार्थी में 109803 उपस्थित रहे। इस प्रकार उपस्थिति प्रतिशत 81.14 रहा।

राज्य एवं देश में अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में किन्ही कारणों से परीक्षा

- **राज्य के सभी सात संभागों में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई परीक्षा**
- **उदयपुर सेंट्रल वार रूम में सघन निगरानी की गई पूरे राज्य की**

पूर्व पेपर आउट होने के प्रकरण सामने आते रहे हैं।इन सभी वाकयों से पहले से ही सावचेत होते हुए राज्य पात्रता परीक्षा के आयोजन की नोडल एजेंसी गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आई वी त्रिवेदी ने राज्य में पहली बार परीक्षा आयोजन में अनेक नवाचार किए।

बाँसवाड़ा के कुलपति प्रो आई वी त्रिवेदी ने राज्य में पहली बार परीक्षा आयोजन में अनेक नवाचार किए। इसमें सबसे महत्त्वपूर्ण बदलाव पेपर्स को एग्जाम सेंटर पर भिजवाए जाने की व्यवस्था में बदलाव किया।इस बार सभी पेपर्स अधिकृत एजेंसी द्वारा सीधे परीक्षा केन्द्रों पर गोपनीय ढ ंग से भिजवाए गए।इसी प्रकार प्रत्येक केंद्र पर हर रूम की मैपिंग की गई एवं प्रत्येक रूम में ही न केवल पेपर परीक्षार्थियों के सामने खोले गए बल्कि उसी रूम में ही प्रयुक्त ओएमआर शीट सील की गई।इस व्यवस्था ने न केवल परीक्षा की प्रामाणिकता को बढ़ ाया अपितु इससे परीक्षार्थियों और केंद्र पर नियुक्त कार्मिकों को भी सुविधा मिली।

राज्य में पहली बार राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा की न केवल सीसीटीवी द्वारा मोनिटरिंग की गई बल्कि केन्द्रीय कण्ट्रोल रूम जो उदयपुर सुखाडिया विश्वविद्यालय में स्थापित किया,वहां से राज्य के सभी केन्द्रों और केन्द्रों के सभी एग्जाम रूम की भी सघन निगरानी की गई एवं जहाँ ज़रूरत लगी,तुरन्त निर्देश प्रदान किए गए। केन्द्रीय कंट्रोल रूम में सभी केन्द्रों के लाइव टेलीकास्ट द्वारा जीजीटीयू कुलसचिव गोविन्द सिंह देवड़ा ,सेट समन्वयक डॉ मनोज पंड्या,सेट नोडल अधिकारी डॉ नरेंद्र पानेरी,सेट समिति सदस्यों प्रकाश परमार,पीयूष पंचाल ने सघन निरीक्षण किया।

# करंट लगने से पैंथर की मौत

**भीलवाडा,** (निसं)। भीलवाड़ा ज़िले के मांडलगढ़ वन खण्ड क्षेत्र में पैंथर आए दिन हादसों के शिकार हो रहे हैं। इसमें कहीं न कहीं वन विभाग की लापरवाही सामने आई हैं। जंगली पैंथर भोजन और पानी की तलाश में इधर उधर भटकने को मजबूर हो रहे हैं।

जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए वन विभाग के इंतजाम नाकाफी नजर आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजौलीयां क्षेत्र के बरजपुरा गाँव में रविवार को एक 2 साल के मादा पैंथर की करंट लगने से मौत हो गई। वहीं सडक हादसों में कई पैंथर अपनी जान गंवा चुके हैं।

बिजोलिया के बरजपुरा में पैंथर एक किसान के कुएं पर लगे बिजली के ट्रांसफार्मर पर जा चढा और हादसे का शिकार हो गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची ओर पैंथर के शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संसकार किया।



बरजपुरा गाँव में दो साल के मादा पैंथर की करंट लगने से मौत हो गई

# साधु ने दो व्यवसायियों को ठगी का बनाया शिकार

**करौली,** (नि.स.)। इन दिनों शहर में साधु के रूप में लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले साधु अपने कौम के ही महान संतों को बदनाम करने पर तुले हुए हैं जिसका ताजा उदाहरण शहर के हिण्डौन गेट स्थित एक फर्नीचर की दुकान मालिक और एक टीवी की दुकान वाले ओम प्रकाश गुप्ता को ठगी साधु ने दोनों दुकानदारों को सम्मोहित कर उनकी जेब से राशि निकाल कर भाग निकला। होश आने पर दुकानदारों ने ठगी संत की तलाश की लेकिन ठगी साधु ना जाने कहां चंपत हो गया।

ठगी का शिकार हुए फर्नीचर दुकान के संचालक ने बताया कि एक साधु के रूप में एक साधु दुकान पर आया जिसके हाथ में काला कमंडल था जिसने मुझे सम्मोहित कर मेरी जेब में रखें करीब दो 3 हजार रुपये को निकाल लिया दूर से देख रहे एक युवक ने आकर कहा कि इसने गत दिन ओम प्रकाश गुप्ता को भी



ठगी का शिकार व्यवसायी।

इसी प्रकार सम्मोहित कर ठगी का शिकार बनाया जिसके कहते ही साधु को पकड़ लिया लेकिन साधु उनके कब्जे से निकल कर भाग गया हालांकि उन्होंने ठगी साधु की तलाश की मगर साधु नहीं मिला। ठगी के शिकार हुए दोनों दुकानदारों ने संवाददाता को तो जानकारी थी मगर उन्होंने उनके साथ हुई ठगी का थाने पर कोई मामला दर्ज नहीं कराया।

# अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई, 11 गिरफ्तार

**कोटपूतली/पावटा,** (निसं)। जयपुर ग्रामीण पुलिस टीम ने बड़े स्तर पर अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक एलएनटी मशीन सहित दो डम्फर व अवैध खनन से भरी 11 ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जप्त कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही के बाद खनन माफियाओं में हड़कम्प मच गया।

- **एक एल.एन.टी. मशीन सहित दो डम्फर व 11 ट्रैक्टर ट्रॉलियां जब्त**

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजीव पचार ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देशों की पालना में कोटपूतली एएसपी विद्याप्रकाश के नेतृत्व में सेक्टर के सभी वृताधिकारी, थानाधिकारी व 90 से अधिक पुलिस जाप्ते की संयुक्त टीम गठित कर क्षेत्र में अवैध खनन/परिवहन करने वाले लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिसकी पालना में उक्त गठित टीमों ने सम्पूर्ण सेक्टर में अलग-अलग स्थानों पर सघन चैकिंग व तलाशी अभियान चला कर एक साथ कार्यवाही को अंजाम देते हुए कोटपूतली थाने पर बजरी से भरा एक डम्फर व दो ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

वहीं प्रागपुरा थाने पर एक एलएनटी मशीन सहित एक खाली डम्फर, एक खाली ट्रैक्टर ट्रॉली व दो बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस थाना भाभरू पर बजरी से भरी तीन ट्रैक्टर ट्रोलियों को जप्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह सरूण्ड, पनियाला व विराटनगर थाने पर बजरी से भरे एक-एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध खनन मामले में धोलाराम पुत्र हनुमान गुर्जर निवासी टोरडा, लीलाराम पुत्र भैरूराम गुर्जर निवासी बजरंगपुरा थाना भाभरू, राकेश मीणा निवासी बुचारा थाना प्रागपुरा, हंसा मीणा निवासी पेहल थाना मुडावर, मोहनलाल पुत्र मनोहर लाल यादव निवासी बुराला की ढाणी बानसूर, सतवीर मेघवाल निवासी कीरतपुरा थाना सरूण्ड, अनिल कुमार पुत्र धर्मवीर जाट निवासी हरसोली थाना खैरथल व सुरेश पुत्र धर्मपाल गुर्जर निवासी बनाड़ी तन भूरी भडाज थाना प्रागपुरा को गिरफ्तार किया है।

# तीन हिस्ट्रीशीटर सहित छह जने गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। पुलिस अधीक्षक सीकर करण शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना रतनलाल भार्गव एवं उप पुलिस अधीक्षक रींगस विजय सिंह के निर्देशानुसार स्थानीय पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वांछित अपराधियों, स्थाई वारंटीयों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान के दौरान थाना अधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर कार्यवाही करते हुए तीन हिस्ट्रीशीटर, एक जिला स्तरीय हार्डकोर, एक आदतन अपराधी एवं एक अन्य गैर सायल सहित छह अपराधियों को 151 सीआरपीसी की धारा में गिरफ्तार किया गया है।

गठित टीम के द्वारा मुखबिर के सहयोग तथा उच्च अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश व आमसूचना संकलन से थाना क्षेत्र में स्थित हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर अपराधियों के आवास पर

- **पुलिस का धरपकड़ अभियान जारी**

दबिश दी गई और गिरफ्तार किया गया।

थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ ने बताया कि विजय पाल उर्फ फल्या पुत्र भगवानसहाय जाट निवासी पटवारी का बास, सुभाष चंद्र मंगावा पुत्र बंशीधर जाट ढाणी श्याम सागर तन पुजारीकाबास, बलबीर सिंह निठारवाल पुत्र अर्जुन राम जाट ढाणी कुमल्यावाली तन मऊ, महेंद्र सिंह पुत्र मदन सिंह राजपूत निवासी मुंडरू, शिव कुमार पुत्र बनवारीलाल ब्राह्मण निवासी जयरामपुरा, खजान सिंह पुत्र महेश सिंह राजपूत निवासी मूंडरू सहित अपराधियों को धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# मालपुरा को जिला बनाने की मांग, आंदोलन उग्र हुआ

## छठे दिन भी चार युवकों का आमरण अनशन व धरना जारी रहा, गांव-ढाणी में खून से सीएम को पोस्टकार्ड लिखने के अभियान ने गति पकड़ी

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर रविवार को छठे दिन भी चार युवकों का आमरण अनशन व धरना जारी रहा। वहीं गांव-ढाणी में खून से मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड लिखने के अभियान ने गति पकड़ी ली है। पूर्व विधायक रणवीर पहलावन ने रविवार को मालपुरा पहुंच कर अनशन पर बैठे युवकों की कुशलक्षेम पूछ मालपुरा के स्वाभिमान को बचाने व जिला बनने के अधिकार को पाने के लिए 29 मार्च से मालपुरा में सैंकडों समर्थकों के साथ आमरण अनशन शुरू करने का ऐलान कर दिया।

मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के लोगों में प्रदेश की गहलोत सरकार के विरूद्ध फूटा गुस्सा व जनआक्रोश अब जनआंदोलन बन उग्र होने लगा है। विधायक पहलवान ने मालपुरा को जिला बनाओ कोर कमेटी से बैठक कर अब तक के आंदोलन का फीडबैक ले आगे की रणनीति पर चर्चा कर जिला घौषित करवाये जाने को लेकर आंदोलन में भागीदार बन क्षेत्र की जनता द्वारा दिये वोट व समर्थन का कर्ज चुकाने के लिए खुलकर सामने आ गये।

कोर कमेटी ने 125 सदस्यों के नाम जारी कर 29 मार्च को शहर के गांधी पार्क से हजारों की संख्या में विधानसभा क्षेत्र के लोगों के साथ विशाल महारैली निकाल धरना प्रदर्शन किये जाने की घोषणा की। जिसमें सामाजिक, राजनैतिक संगठनों के साथ-साथ मालपुरा अभिभाषक संघ ने कार्य बहिष्कार कर आंदोलन का समर्थन करने, आपातकालीन सेवा में शामिल मेडिकल एसोसिएशन ने भी दो दिन के मालपुरा बंद को समर्थन दिया।

पहलवान ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर की दूदू को एक निर्दलीय विधायक

- **अनशन पर बैठे युवकों के साथ 29 से आमरण अनशन पर बैठने की पूर्व विधायक पहलवान ने घोषणा की**

के दबाव में जिला बनाया जा सकता है तो रियासत काल से उपजिला बने व सभी मापदण्डों से परिपूर्ण मालपुरा को जिला बनाने से गहलोत सरकार ने क्यों वंचित रखा। मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के जीतने भी वर्तमान व पूर्व जन प्रतिनिधि सहित चुनाव लड़ चुके व चुनाव लड़ जनप्रतिनिधि बनने का ख्वाब देख रहे लोग मालपुरा के हित में जिला बनाने को लेकर शुरू किये आंदोलन में शामिल हो आमरण अनशन पर बैठे निश्चित सफलता मिलेगी।




मालपुरा में आमरण अनशन पर बैठे युवाओं की पूर्व विधायक रणवीर पहलवान ने कुशलक्षैम पूछी।

गांधीवादी आंदोलन से सरकार मालपुरा को जिला घोषित नहीं करती है तो आंदोलन की दिशा व दशा बदल प्रदेश की गहलोत सरकार को आईना दिखाया जायेगा। वहीं क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने भी धरना स्थल पहुंच कर अनशनकारी युवाओं से मिल कोर कमेटी के आव्हान पर टोडारायसिंह उपखण्ड क्षेत्र को भी बंद रख आंदोलन व महारैली में शामिल होने का कोर कमेटी को समर्थन दिया।

# जयपुर शहर को एक जिला बनाए रखने के लिए घनश्याम तिवाड़ी को ज्ञापन

- सांसद तिवाड़ी ने सरकार को पत्र लिखने व मुख्यमंत्री से बात करने का आश्वासन दिया

**जयपुर**, (का.सं.)। विधानसभा में गत 17 मार्च को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा की गई 19 नए जिलों की घोषणा में जयपुर शहर को जयपुर उत्तर व जयपुर दक्षिण में बाँटा गया है। इस घोषणा के बाद से ही जयपुर की जनता में इसका तीव्र आकोश और गहरी आशंकाएं व्याप्त है।

इसी आक्रोश और आशकाओं के बीच जयपुर शहर के प्रबुद्धजन ने मिलकर एक बैठक आयोजित की जिसमें भाजपा-कांग्रेस से जुड़े शहर के नेताओं व कार्यकर्ताओं के अलावा जयपुर शहर की विभिन्न संस्थाओं ने हिस्सा लिया था। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने जयपुर शहर को दो भागों मे बांटे जाने के सरकार के प्रस्ताव से असहमति प्रकट की थी और सर्वसम्मति से यह तय किया था कि जयपुर शहर के सभी जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर जयपुर की मूल विरासत और मूल स्वरूप को ध्यान में रखते हुए जयपुर के नाम से एक ही जिला बनाए जाने एवं सरकार से जयपुर शहर की मूल सांस्कृतिक विरासत को ध्यान में रखते हुए जनता की ओर से पैरवी करे।

आज उसी क्रम में जयपुर शहर के प्रबुद्धजनों का एक प्रतिनिधि मण्डल सुनील कोठारी की अगुवाई में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी से मिला और उनसे मिलकर सरकार की मंशा से जयपुर की जनता में उत्पन्न चिंताओं और आशंकाओं से अवगत करवाया तथा घनश्याम तिवाड़ी को इस सन्दर्भ का एक ज्ञापन-पत्र भी सुपुर्द किया।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा की मैं जयपुर की जनता की भावना से पूर्णतया सहमत हूँ और सरकार को जयपुर के नाम से एक जिला रखने का पत्र स्वयं लिखूंगा और मुख्यमंत्री से इस सन्दर्भ में बात करूंगा।

इस अभियान की अगुवाई कर रहे सुनील कोठारी ने बताया कि आगे यह प्रतिनिधि मण्डल जयपुर के सभी जन प्रतिनिधियों से मिलकर जयपुर के नाम से एक जिला बनाये जाने के आशय का ज्ञापन-पत्र सौंपेगा और सभी जन प्रतिनिधियों से आग्रह करेगा कि वह सरकार पर दबाव बनाए। इस विषय पर जन प्रतिनिधियों का सहमति पत्र लेकर एक ज्ञापन मुख्य सचिव को सौंपा जायेगा और आगे की रणनीति सरकार के निर्णय के बाद तय की जाएगी।

ज्ञापन सौंपते समय सुनील कोठारी, जसबीर सिंह, जितेन्द्र सिंह शेखावत विमल अग्रवाल, ललित सिंह सांचोरा, सूरज भान सिंह आमेरा, राजू अग्रवाल, महेन्द्र यादव, डॉ ब्रिज किशोर शर्मा, विष्णु जायसवाल, महेश सैनी, वर्तिका सैन, मीनाक्षी पारीक, चंद्रमोहन गर्ग, धनंजय सिंह, देवेन्द्र शर्मा, दीनदयाल शर्मा, कैलाश चंद्र शर्मा, प्रदीप गुगलिया, रेशी शर्मा, राजकुमार अजमेरा, घनश्याम मंत्री, गजेन्द्र सिंह, सुनील जैन, दीप सिंह रावत, अशीष शर्मा, आनद सिंह राठौर, योगेश जांगिड, जितेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र चौधरी, माल चन्द कुमावत, विनोद मल्होत्रा, समीर पहाड़िया, सन्तोष कुमार सचान, महेश घीया, अमन खांची, सौरभ वर्मा,आदि मौजूद रहे।

## सेट में शामिल हुए 82.61 फीसदी अभ्यर्थी

**जयपुर**। गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बासंवाड़ा द्वारा प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों पर रविवार को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक राज्य पात्रता परीक्षा-2023 (सेट) का शांतिपूर्वक आयोजन हुआ। जयपुर में 82.61 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

जिले में परीक्षा के लिए 104 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, जिनमें 50 हजार 20 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 41 हजार 324 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए वहीं, 8 हजार 696 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के सुचारू एवं सफल आयोजन के लिए 10 सतर्कता दलों का गठन किया गया था। निजी परीक्षा केन्द्रों पर 50 फीसदी सरकारी वीक्षकों की नियुक्ति की गई, वहीं हर परीक्षा केन्द्र पर एक-एक राजकीय केन्द्राधीक्षक एवं एक-एक राजकीय पर्यवेक्षक की तैनाती की गई थी।

## गौरव बजाड राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित



राजस्थान राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गौरव बजाड को अखिल भारतीय राज्य नागरिक एवं प्रशासनिक सेवा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

**जयपुर**। राजस्थान राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गौरव बजाड को सर्वसम्मति से अखिल भारतीय राज्य नागरिक एवं प्रशासनिक सेवा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

अखिल भारतीय राज्य नागरिक एवं प्रशासनिक सेवा महासंघ का 16वें अधिवेशन की जयपुर के ओ.टी.एस. में साधारण सभा में रविवार को सर्वसम्मति से बजाड को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उल्लेखनीय है अखिल भारतीय राज्य नागरिक प्रशासनिक सेवा महासंघ, लगभग बाईस हजार राज्य सिविल एवं प्रशासनिक सेवा अधिकारियों का राष्ट्रीय महासंघ है।

बजाड के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने से राजस्थान सहित समस्त अन्य राज्यों के प्रशासनिक संघों में भी ख़ुशी की लहर दिखाई दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपने संबोधन में सबको साथ लेकर चलने और भविष्य की चुनौतियों से एक साथ मिलकर लडने की बात कही। बजाड ने कहा कि इस अधिवेशन पर विभिन्न राज्यों के प्रशासनिक संघों द्वारा उठाई गये मुद्दों पर निःसंदेह बेहतरीन काम करने का प्रयास करेंगे और एक परिवार की तरह मिलकर सभी की बेहतरीं का प्रयास करेंगे।

# प्रशासन के हर स्तर पर अफसरों की ज़वाबदेही जरूरी : राजीव महर्षि

- पूर्व सीएजी ने अखिल भारतीय राज्य नागरिक एवं प्रशासनिक सेवा महासंघ के अधिवेशन को वर्चुअली संबोधित किया

**जयपुर**। देश के पूर्व नियंत्रक और महालेखा परीक्षक राजीव महर्षि ने कहा कि प्रशासन के हर एक स्तर पर अधिकारियों की ज़वाबदेही सुनिश्चित होना सुशासन की सबसे बडी आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि जवाबदेही के मानकों में राष्ट्रीय स्तर पर एकरूपता होना बेहद आवश्यक है।

महर्षि रविवार को जयपुर में राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद की मेज़बानी में आयोजित हो रहे अखिल भारतीय राज्य नागरिक एवं प्रशासनिक सेवा महासंघ के 16वें अधिवेशन के दौरान देशभर से आये राज्य प्रसाशनिक अधिकारियों को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

महर्षि ने अपने वक्तव्य में प्रशासन की चुनौतियों, सुशासन के लिए भविष्य की आवश्यकताओं, सेवाओं के उचित वितरण, आदि के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शासन के पारंपरिक तौर तरीक़ों में बदलाव करते हुए हर स्तर पर काम कर रहे विभागों में परस्पर तालमेल और संवाद बेहद आवश्यक हैं जिससे कि एक दूसरे की जिम्मेदारियों और भागीदारियों के प्रति जवाबदेही को सुनिश्चित किया जा सके।

महर्षि ने मनरेगा का उदाहरण देते हुए स्पष्ट किया कि प्रशासन में सबसे निचले स्तर पर भी उचित प्रशिक्षण की आवश्यकता सबसे अधिक है ताकि लिए गए निर्णयों, नीतियों और उनके परिणामों में एकरूपता स्थापित की जा सके।

सेमिनार का अगला सत्र में सेवानिवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी धर्मेंद्र भटनागर द्वारा सिविल सेवकों के दृष्टिकोण और आगे का रास्ता विषय पर वक्तव्य दिया जहां उन्होंने बदलते परिवेश में बदलते नैतिक मूल्यों और चुनौतियों पर चर्चा की। सम्मेलन में भाग ले रहे सभी प्रतिनिधियों ने राजस्थान की मेज़बानी पर मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने इसके लिए आरएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव बजाड को धन्यवाद ज्ञापित किया।अधिवेशन की साधारण सभा में विभिन्न राज्यों से आये प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने-अपने अनुभवों और चुनौतियों को साझा किया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय राज्य नागरिक एवं प्रशासनिक सेवा महासंघ अध्यक्ष डॉ. जीबन चक्रवर्ती, महासचिव शिवदुलार सिंह और इस अधिवेशन के आयोजक, आरएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव बजाड ने आमंत्रित वक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

## वाराणसी में कैरम टूर्नामेंट शुरु

**जयपुर**, (का.सं.)। ऑल इंडिया फेडरेशन कप कैरम टूर्नामेंट वाराणसी में 26 मार्च से प्रारंभ हो गया है, यह टूर्नामेंट 29 मार्च तक चलेगा। इसमें राजस्थान की पुरुष तथा महिला टीमें भाग ले रही हैं।

यह जानकारी देते हुए राजस्थान कैरम संघ के अध्यक्ष सूरज खत्री ने बताया कि राजस्थान की पुरुष कैरम टीम इस प्रकार है, पवन कुमार सेठी, प्रवीण कुमार, जितेंद्र कुमार भार्गव और गौतम पंवार। टीम के मैनेजर गणेश नारायण है। सूरज खत्री के अनुसार महिला टीम इस प्रकार है। अनीता बागडी, प्रोफ़ेसर डॉ.लक्ष्मी ठाकुर, नीता कोठारी तथा अदिति कोठारी। महिला टीम के मैनेजर प्रवीण कोठारी है।

## डॉ. पूनियां, जोशी के पदभार समारोह में शामिल होंगे

**जयपुर**। भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल होकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं देंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है।

## डॉ.पूनियां अलवर के किसान की दोनों बेटियों की शादी में करेंगे कन्यादान

**जयपुर**, (का.सं.)। भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं आमेर विधायक डॉ. सतीश पूनियां ने प्रदेशभर में ओलावृष्टि व बारिश की आपदा के बीच सामाजिक सरोकार व संवेदनशीलता की बड़ी मिसाल पेश करते हुये अलवर जिले के घेवर गांव के किसान रामू रेबारी की दोनों बेटियों की शादी में कन्यादान करने की घोषणा की है।

गौरतलब है कि ओलावृष्टि व बारिश से अलवर जिले में किसानों की फसलें बर्बाद हो गईं, जिसमें घेवर गांव के रामू रेबारी की फसल भी चौपट हो गई। जिससे उनके सामने आजीविका और बेटियों की शादी करने का संकट खडा हो गया है, ऐसे में सतीश पूनियां ने इनकी दोनों बेटियों की शादी में कन्यादान करने की घोषणा की है और कार्यकर्ताओं व भामाशाहों से हरसंभव आर्थिक मदद का भी भरोसा दिया है। उल्लेखनीय है कि, सतीश पूनियां ओलावृष्टि व बारिश से प्रदेशभर में फसलों को हुये भारी नुकसान का मुद्दा राज्य की कांग्रेस सरकार के समझ लगातार प्रमुखता से उठा रहे हैं, जिसमें वह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से पुरजोर तरीके से मांग कर फसलों के नुकसान की तुरंत गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा राशि उपलब्ध करवाने की मांग कर रहे हैं।

# सोडाला एलिवेटेड रोड पर हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

- हादसे में मृतक का दोस्त गंभीर घायल
- घुमाव पर बाइक के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने से हुआ हादसा गई

**जयपुर**। राजधानी के सोडाला इलाके में एलिवेटेड रोड पर शनिवार देर रात एक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं, घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सड़क दुर्घटना थाना साउथ के हैडकांस्टेबल हरिनारायण चौधरी ने बताया घटना देर रात 2 बजकर 10 मिनिट की एलिवेटेड रोड पर सोडाला तिराहे के पास की है। यहां बाइक सवार दो युवक अपने घर जा रहे थे। इस दौरान घुमाव पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर घायल हो गए।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने टोंक हाल 105/170, प्रताप नगर निवासी सुभाष बंसल (27) पुत्र जुगलकिशोर को मृत घोषित कर दिया। वहीं, मृतक का साथी विनीत सोनी (26) निवासी टोंक का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### खाना खाकर लौटते समय हादसा

दरअसल, सुभाष प्रताप नगर इलाके में किराए से रहकर निजी कंपनी में जॉब करता था, जबकि उसका साथी विनीत जयपुर में एक दवा कंपनी में एमआर है। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि घटना के वक्त दोनों दोस्त सिंधीकैंप बस स्टैंड से खाना खाकर बाइक से घर लौट रहे थे। इस दौरान सोडाला में एलिवेटेड रोड पर हादसा हो गया।

## ललित शर्मा फाइनल में

जयपुर, 26 मार्च। जयपुर क्लब क्ले कोर्ट पर चल रहे आईटीएफ टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दिन क्वार्टर फाइनल सेमीफाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले हुए जिसमें 65 आयु वर्ग में जयपुर के ललित शर्मा ने कोटा के जी डी रामचंदानी को 6-0, 7-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## 21 वर्ष बाद राजस्थान में होगा जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल टूर्नामेंट

जयपुर, 26 मार्च। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान में राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ व बांसवाड़ा ज़िला हैंडबॉल संघ द्वारा बांसवाड़ा के ज़िला स्टेडियम में 27 से 31 मार्च , 2023 तक 45वा जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबाल टूर्नामेंट 2022-23 का आयोजन हो रहा हैं। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश में 21 वर्ष बाद जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। इससे पहले 2002 में भीलवाड़ा में इसका आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में गत विजेता आंध्र प्रदेश, उपविजेता राजस्थान सहित पूरे देशभर से 30 टीमों के लगभग 650 खिलाड़ी भाग ले रहे है। जिसमें दर्जनों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल है। टूर्नामेंट डायरेक्टर श्री ललित कलाल ने बताया कि इस पाँच दिवसीय प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन सोमवार सुबह 11 बजे होगा। जबकि विशिष्ट अतिथि हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव महाराणा प्रताप अवार्डी डा. तेजराज सिंह खंगारोत, सभापति, नगर परिषद बांसवाड़ा श्री जैनेंद्र त्रिवेदी, उप ज़िला प्रमुख, बांसवाड़ा डा. विकास बामनिया व राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव श्री यश प्रताप सिंह होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें:- मेजबान राजस्थान, जम्मू कश्मीर, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, उड़ीसा, त्रिपुरा, गुजरात, दमन व दीव, लद्दाख, लक्षदीप, पुडुचैरी, पश्चिम बंगाल, मुंबई हैंडबॉल अकादमी, न्यू कैसल अकादमी, मणिपुर व आसाम।

राजस्थान के जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल में पदक : वर्ष 2001- पटियाला- स्वर्ण पदक

वर्ष 2002- भीलवाड़ा- स्वर्ण पदक

वर्ष 2003- गोवा- कांस्य पदक

वर्ष 2022- विजयवाडा- रजत पदक

## भारत ने भूटान को 9-0 से रौंदा

ढाका, 26 मार्च। भारतीय महिला अंडर-17 फुटबॉल टीम ने रविवार को शिलजी शाजी के नायाब खेल की मदद से सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में भूटान को 9-0 से रौंद दिया। मुस्तफा कमाल स्टेडियम पर खेले गये दक्षिण एशियाई फुटबॉल संघ (सैफ) चैंपियनशिप के मुकाबले में शिलजी ने (12वां, 62वां, 69वां, 76वां, 79वां मिनट) ने भारत के लिये पांच गोल किये। शिबानी (42वां, 61वां मिनट) ने दो गोल किये, जबकि मेनका (तीसरा मिनट) और थोइबिसना (56वां मिनट) ने एक-एक गोल का योगदान दिया। भारतीय लड़कियों पिछले मैच में बंगलादेश से मिली 1-0 की हार से उभरकर शानदार प्रदर्शन किया और भूटान को पहले ही मिनट से दबाव में रखा। दूसरी ओर, भूटान की फॉरवर्ड पंक्ति भारतीय रक्षण के आगे संघर्ष करती नज़र आयी और नतीजतन अपनी टीम का खाता खोलने में असफल रही।

# निखत, लवलीना की जीत के साथ भारत ने लगाया स्वर्णिम चौका




नयी दिल्ली, 26 मार्च। भारत की होनहार मुक्केबाज निखत ज़रीन और लवलीना बोरगोहेन ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में रविवार को अपने-अपने फाइनल मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किये।

पिछली बार 52 किठाा वर्ग में विश्व चैंपियनशिप जीतने वाली निखत ने 50 किठाा वर्ग में दो बार की एशियाई चैंपियन वियतनाम की थी ताम नुयेन को 5-0 से हराकर लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियन का ताज अपने सिर सजाया। टोक्यो ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना ने खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की केटलीन पार्कर को 5-2 से मात देकर भारत का चौथा स्वर्ण जीता। गत विश्व चैंपियन निखत ने बाउट की शुरुआत से ही सटीक मुक्के मारे और पैरों का तेजी से उपयोग करके नुयेन के हमलों को बेअसर किया। निखत ने पहला राउंड 5-0 से जीत लिया लेकिन वियतनामी मुक्केबाज ने अच्छी वापसी करते हुए दूसरा राउंड 3-2 से अपने नाम किया। निखत ने निर्णायक राउंड में धैर्य और आक्रमण का सही मिश्रण करके दिखा दिया कि वह दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने की हकदार हैं।

निखत विश्व चैंपियनशिप में दो बार स्वर्ण जीतने वाली दूसरी भारतीय मुक्केबाज हैं। निखत से पहले मैरी कॉम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018) छह बार यह कारनामा कर चुकी हैं। दूसरी ओर, लवलीना विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले भारतीय मुक्केबाजों की सूची में आठवें स्थान पर हैं। सरिता देवी (2006), जेनी आरएल (2006), लेखा केसी (2006) और निखत ज़रीन (2022) भी भारत के लिये यह कारनामा कर चुकी हैं।

निखत ने इस ऐतिहासिक जीत के बाद कहा, मैं दूसरी बार विश्व चैंपियन बनकर बेहद खुश हूं, खासकर एक अलग भार वर्ग में। पूरे टूर्नामेंट में आज का मुकाबला सबसे कठिन था और चूंकि यह टूर्नामेंट का आखिरी मैच था इसलिए मैं अपनी ऊर्जा का पूरी तरह से उपयोग करना चाहती थी। यह बाउट उतार-चढ़ाव भरा था जिसमें हम दोनों को चेतावनी के साथ-साथ आठ काउंट भी मिले। अंतिम दौर में मेरी रणनीति थी कि मैं पूरी ताकत से आक्रमण करूं और जब विजेता के रूप में मेरा हाथ उठा तो मुझे बहुत खुशी हुई। यह पदक भारत के लिये और उन सभी लोगों के लिये है जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में हमारा समर्थन किया है।''

निखत ने आगामी ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए इस साल के टूर्नामेंट के लिये फ्लाइवेट से लाइट फ्लाईवेट का रुख किया था। तेलंगाना की 26 वर्षीय मुक्केबाज़ ने नये भार वर्ग में न सिर्फ शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि अपने स्वर्णिम अभियान में उन्होंने शीर्ष वरीय अफ्रीकी चैंपियन रौमेसा बौआलम, कोलंबिया की इनठिाड वैलेंसिया और दो बार की विश्व चैंपियनशिप मेडलिस्ट थाईलैंड की छुतामत रक्षत को भी हराया।

## सात्विक-चिराग ने जीता स्विस ओपन 2023

बेसल, 26 मार्च। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने स्विस ओपन के पुरुष युगल फाइनल में रविवार को चीन के रेन ज़ियांग यू और तान कियांग को हराकर 2023 का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीत लिया। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के चैंपियन सात्विक-चिराग ने 54 मिनट चले रोमांचक खिताबी मुकाबले में चीनी युगल को 21-19, 24-22 से मात दी। इससे पहले सात्विक-चिराग ने सेमीफाइनल में मलेशिया के ओंग यू सिन और टियो ई यी को परास्त किया था।



## हॉकी राजस्थान ने जीता सिल्वर मैडल

जयपुर, 26 मार्च। राजनांदगाव मे आयोजित हॉकी इंडिया प्रथम वेस्टज़ॉन जूनियर 18 वर्ष प्रतियोगिता मे आज पहली वार फाइनल मे पहुँचकर टीम हॉकी राजस्थान ने हॉकी मध्यप्रदेश से खेले गये संघर्षपूर्ण मैच मे सिल्वर मैडल प्राप्त किया। हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष अरुण कुमार सारस्वत ने बताया कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच मैच 1 - 1 से बराबर रहा। पेनल्टी शूटआउट मे मध्यप्रदेश ने हॉकी राजस्थान टीम को 3 - 2 के अंतर से हराया। राजस्थान टीम से मैच मे एक मात्र गोल राहुल ने किया। पेनल्टी शूटआउट मे 5 मे से राजस्थान की ओर से जीतेन्द्र और कुलवीर सिंह ने 1-1 गोल किये।

## मोरक्को ने ब्राजील पर दर्ज की ऐतिहासिक जीत

टैंजियर, 26 मार्च। मोरक्को ने सुफियान बोफाल और अब्दलहामिद साबिरी के गोलों की मदद से दोस्ताना मैच में ब्राजील पर 2-1 की ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील के खिलाफ मोरक्को की पहली जीत है। करीब 65000 फुटबॉल प्रेमियों से खचाखच भरे इब्ने बतूता स्टेडियम पर शनिवार को खेले गये मुकाबले में बोफाल ने 29वें मिनट में बॉक्स के अंदर से गोल करके मोरक्को को बढ़त दिलाई। कैसीमिरो ने 67वें मिनट में ब्राजील के लिये गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। अंततः, प्रतिस्थापन खिलाड़ी साबिरी ने 79वें मिनट में गोल किया जो मोरक्को की जीत के लिये निर्णायक साबित हुआ। फीफा विश्व कप 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद यह घरेलू मैदान पर मोरक्को का पहला मैच था, जहां उसने प्रशंसकों को इस यादगार जीत का तोहफा दिया।

## पंत को पूरी तरह से ठीक होने के लिए पूरा समय लेना चाहिए : गांगुली

नयी दिल्ली, 26 मार्च। पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली का कहना है कि भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की कवायद शुरु करने से पहले अपनी चोटों से पूरी तरह ठीक होने के लिए पूरा समय लेना चाहिए। पिछले साल दिसंबर में पंत एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे। इस समय वह अपनी चोटों के उपचार के बाद उबरने की प्रक्रिया में हैं। पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी निश्चित रूप से आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने विकेटकीपर बल्लेबाज की कमी महसूस करेगी। पिछले कुछ सत्र से पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान रहे हैं। गांगुली इस टीम से क्रिकेट निदेशक के तौर पर जुड़े हैं। गांगुली ने आईपीएल फ्रेंचाइजी द्वारा जारी विज्ञिप्त में कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि राष्ट्रीय टीम को भी उनकी कमी खल रही है। वह युवा है और उसके करियर में काफी समय बचा है। वह विशेष खिलाड़ी है और उसे पूरी तरह ठीक होने के लिए अपना पूरा समय लेना चाहिए। हम उन्हें शुभकामनायें देते हैं और मैं उससे मिलूंगा भी।'' गांगुली आईपीएल 2023 चरण से पहले अरूण जेटली स्टेडियम में टीम के सत्र पूर्व शिविर के दौरान सभी खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजर लगाये हैं।

## मुक्केबाज स्वीटी बूरा के घर में मना जश्न

हिसार, 26 मार्च। विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने पर हिसार की बॉक्सर स्वीटी बूरा के घर में जीत का जश्न मनाया गया। स्वीटी की मां सुरेश कुमारी ने रविवार को बताया कि जब स्वीटी का फाइनल मुकाबला चल रहा था तो वह पूरा समय पूजा में लगी रहीं।

**राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर**

क्रमांक:- DHC-II/3272 जाहिर आम सूचना दिनांक: 20/03/23

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 36/81, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 25.83 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री गोरधन दास पुत्र श्री चान्दमल को किया गया था जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5234 दिनांक 08.07.1988 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 10.08.1988 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात श्री गोरधन दास की मृत्यु दिनांक 31.01.2007 को हो जाने के कारण इनकी पुत्री श्रीमती नीता सीतलानी पत्नी श्री नारायण सिंह ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें. अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति / आवेदक श्रीमती नीता सीतलानी पत्नी श्री नारायण सिंह के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक, वृत द्वितीय, जयपुर

**NAME CHANGE**

Pushpa Murmu w/o no 4281356N Hav. Siril Marandi R/o vill. Asanbani PO Rajband PS Dumka (Mufasil) Dist. Dumka Jharkhand in my husband service record my name wrongly recorded Pushpa Marandi correct name is Pushpa Murmu vide Affidavit No. 748, 22-05-2022 Dumka.

I have changed my name from Arshad to Arshad Jahan w/o Afzal Rashid for all purpose Resi.: Plot No. 75/4, Dhobiyon ka Mode, Bhomiyon ki Chhatri, Adarsh Nagar, Jaipur.

I have changed my name from Umed Singh Bordia s/o Sobhag Singh Jain to Umaid Singh Bordia s/o Sobhag Singh for all purpose. Resi.:- House No. 569, Sector-2, Jawahar Nagar, Jaipur.

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



*पुरातत्ववेत्ताओं को मिस्र में एक मुस्कुराती हुई स्फिंक्स प्रतिमा मिली है। चूना पत्थर से बनी यह रोमनकालीन कलाकृति डैन्डेरा टैम्पल में हुई खुदाई के दौरान सामने आई। यह मंदिर कीना प्रांत में नील नदी के पास है। विशेषज्ञों को लगता है कि, यह अवश्य ही रोमन सम्राट क्लॉडियस की मूर्ति है। क्लॉडियस 41 से 54 ईस्वी तक रोम का राजा था। ज्ञातव्य है कि, रोमन साम्राज्य का 600 साल (30 ईसा पूर्व से 642 ईस्वी) तक मिस्र पर नियंत्रण था, हालांकि, क्लॉडियस सहित कई रोमन सम्राट कभी भी मिस्र नही गए थे। प्राचीन मिस्र में स्फिंक्स, राजशाही या सत्ता के प्रतीक माने जाते थे। हाल ही में खोजी गई स्फिंक्स की इस मूर्ति के नाक नक्श सम्राटों जैसे हैं और चेहरे पर मुस्कुराहट व गालों पर दो डिम्पल दिखाई दे रहे हैं। यह जानकारी एन शैम्स युनिवर्सिटी के पुराविद् और एक्सकवेशन मंत्री मैमदोह अल दमाति ने दी। उन्होंने मूर्ति के चेहरे पर लाल व पीले रंग के अवशेष भी देखे थे। मूर्ति के सिर पर नैमस भी है। प्राचीन मिस्र के फरो सिर पर धारीदार कपड़े की हैड ड्रैस (साफा) पहना करते थे जिसे नैमस कहते हैं। माथे के ऊपर हैड ड्रैस का सिरा कोबरा जैसा है। यह विशिष्टता यूरेनस के नाम से जानी जाती है। इस जगह शोधकर्ताओं को सबसे पहले एक मंदिर मिला, इसके अंदर लाल ईंटों से बना पानी स्टोर करने का बेसिन भी था। जब शोधकर्ताओं ने बेसिन की सफाई की तब उन्हें स्फिंक्स दिखाई दिया। स्फिंक्स के नीचे पत्थर की एक स्लैब मिली जिस पर कुछ लिखा हुआ है। हालांकि अभी इसका अनुवाद नहीं किया गया है। शोधकर्ताओं ने स्फिंक्स के चेहरे की तुलना रोमन राजाओं से की और उन्हें क्लॉडियस का चेहरा सबसे ज्यादा मेल खाता हुआ नज़र आया। तथापि, यहाँ मिला बेसिन बायज़ैन्टाइन काल का है, अर्थात् क्लॉडियस के समय से 500 साल बाद का। पुराविदों का कहना है, हो सकता है क्लॉडियस के सम्मान में स्फिंक्स बनाया गया होगा, वैसे इसमें हैरानी की भी कोई बात नहीं है।*

# पूर्व केंद्रीय मंत्री ने जज और न्यायालय के खिलाफ जांच की मांग उठाई

## कांग्रेस नेताओं का केंद्र सरकार और लोकसभा अध्यक्ष पर भी निशाना

- **राहुल गांधी की संसद से सदस्यता समाप्त करने के खिलाफ कांग्रेस का जिला मुख्यालय पर सत्याग्रह कार्यक्रम।**

जयपुर, 26 मार्च (का.प्र.)। राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता समाप्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन की कड़ी में रविवार को सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने आठ घंटे का सत्याग्रह किया। जयपुर में कलेक्ट्रेट सर्किल पर आयोजित सत्याग्रह कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और निवर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रताप सिंह खाचरियावास ने इस मौके पर फैसला लेने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की कड़ी निंदा की। उधर अलवर में तो पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने यह फैसला देने वाले जज और न्यायालय के खिलाफ भी जांच की मांग उठा दी।

अलवर में आयोजित सत्याग्रह के बाद मीडिया से बात करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने विपक्ष की भूमिका निभाई है, लेकिन केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। राहुल गांधी ने देश में हुए घोटालों को उजागर किया। अडानी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच रिश्तों पर सवाल किया, संसद में प्रधानमंत्री और अडानी की फोटो दिखाई गई। उन्होंने कहा कि आज से कई साल पहले कर्नाटक में राहुल गांधी ने एक सवाल पूछा था कि, देश में घोटाले करने वाले लोगों के नाम में मोदी क्यों है? इस मामले में गुजरात में केस हुआ और लगातार सुनवाई हुई। आरोप है कि जिन लोगों ने केस किया वो लोग आगे कार्रवाई नहीं चाहते थे, लेकिन हाल ही में संसद में राहुल गांधी की ओर से उठाए गए मुद्दों के बाद डेढ़ माह में ही न्यायालय ने बुलेट ट्रेन से भी तेज फैसला सुना दिया, जबकि न्यायालय में बहस होती है, पक्ष-विपक्ष होते हैं और गवाह पेश किए जाते हैं। तब फैसला सुनाया जाता है। इतनी जल्दी फैसला सुनाए जाने पर जज और न्यायालय की भी जांच होनी चाहिए।

जयपुर में कांग्रेस प्रदेशध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि अब चीजें उजागर होने लग गई हैं। पाप बहुत दिन तक छुपता नहीं है। पाप का घड़ा भर चुका है। अब बीजेपी सरकार के पाप का घड़ा जनता फोड़ेगी। इन्हें 2024 में सत्ता से जाना पड़ेगा। डोटासरा ने कहा कि राहुल गांधी के साथ जिस तरह का बर्ताव हो रहा है। केंद्र के काले कारनामे बताएंगे। अडाणी के 20 हजार करोड़ रुपए के घोटाले के बारे में बताएंगे। विदेशी शेल कंपनी में से कहां से पैसा आया। राहुल गांधी लगातार इस पर सवाल उठा रहे हैं कि पीएम मोदी और अडाणी के बीच इस पैसे का क्या संबंध है। इससे घबराकर उन्हें संसद से अयोग्य ही करवा दिया।

डोटासरा ने कहा कि लोकसभा में राहुल गांधी एक बार ही भाषण देते, अब जितने भी कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं, सब हर जगह इनके काले कारनामों के बारे में बताएंगे। बीजेपी ने हमें सुनहरा मौका दिया है। इनके भ्रष्टाचार और इनकी गलत नीतियों को उजागर करने का मौका मिला है। खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने केंद्र और बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा चोर को चोर कहकर राहुल गांधी ने क्या गलत कर दिया। राहुल गांधी ने किसी जाति को चोर नहीं कहा। राहुल गांधी ने देश को लूटने वालों को चोर कहा। क्या विजय माल्या, मेहुल चोकसी, ललित मोदी चोर नहीं हैं? पीएम मोदी घोषणा कर दें कि विजय माल्या, ललित मोदी चोर नहीं हैं।

सरकारी उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकार ने जिस तरह राहुल गांधी के साथ कृत्य किया है, इसका खामियाजा बीजेपी को उठाना पड़ेगा। जनता इनको करारा जवाब देगी। इनको पहले भी पीछे हटना पड़ा था और अब भी पीछे हटाना पड़ेगा। राहुल गांधी देश में अकेला नहीं है, राहुल गांधी के पीछे कांग्रेसी ही नहीं पर विपक्ष उनके साथ खड़ा है। देश की जनता उनके साथ है। बीजेपी की तानाशाही ज्यादा नहीं चलेगी। इस मौके पर जलदाय मंत्री महेश जोशी, पीसीसी के पूर्व महासचिव वैभव गहलोत, विधायक इंद्राज गुर्जर, गोपाल मीणा, गंगा देवी सहित अन्य नेताओं ने भी अपनी बात रखीं।

# कांग्रेस का सड़क पर उतरने का औचित्य समझ से परे : वासुदेव देवनानी

## 'सूरत की अदालत द्वारा राहुल गांधी को सजा सुनाए जाने के खिलाफ कांग्रेस उच्च अदालत में अपील करे'

- **'जिस कानून के तहत राहुल की लोकसभा से सदस्यता खत्म की गई है, वह कांग्रेस के शासनकाल में ही बना था'**
- **वासुदेव देवनानी ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी अदालत के फैसले का सम्मान नहीं कर देश में इमरजेंसी लगाई थी।**

जयपुर, 26 मार्च (का.सं.)। पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा है कि कांग्रेस का लोकतंत्र और न्याय पालिका में कोई विश्वास नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत की अदालत द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ बड़ी अदालत में अपील करने की बजाय कांग्रेस सड़क पर उतर रही है, जिसका कोई औचित्य नहीं है।

देवनानी ने रविवार को जारी बयान में कहा, यह बात समझ में नहीं आती है कि कांग्रेस कार्यकर्ता किस मुद्दे को लेकर सत्याग्रह कर रहे हैं। कांग्रेस के पास सूरत की अदालत के फैसले पर अपील करने का रास्ता खुला है, तो फिर सत्याग्रह करना पूरी तरह बेमानी है। उन्होंने कहा कि सूरत की अदालत ने मानहानि के मामले में पूरी तरह सुनवाई करने के बाद फैसला सुनाया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोई भूमिका नहीं है, फिर भी कांग्रेस न्यायपालिका के फैसले का दोषारोपण मोदी पर कर रहे हैं, जो पूरी तरह समझ से परे है।

देवनानी ने कहा कि कांग्रेस सूरत की अदालत के फैसले पर केवल राजनीतिक रोटियां सेक रही है। जहां तक राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता खत्म करने का सवाल है, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी कुछ नेताओं को अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद उनकी लोकसभा से सदस्यता खत्म की गई है।

उन्होंने कहा, सबसे बड़ी बात यह है कि अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद लोकसभा सदस्य की सदस्यता खत्म करने वाला कानून कांग्रेस के शासनकाल में ही बनाया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं को अदालत के फैसले का सम्मान करना चाहिए। यदि कांग्रेसियों को सड़क पर उतरना ही है, तो जनसमस्याओं को लेकर उतरे।

देवनानी ने कहा कि जिस अडाणी पर राजनीतिक निशाना साधा जा रहा है, उसी अडाणी ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हजारों करोड़ रूपए का निवेश किया है। इन दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं, लेकिन जब एक भी कांग्रेस नेता ने इसके खिलाफ आवाज नहीं उठाई।

देवनानी ने कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं ने कभी भी अदालत का सम्मान नहीं किया। यदि कोई अदालत कांग्रेस के हित में फैसला सुनाए, तो कांग्रेस नेता कहते हैं कि अदालत ने अच्छा काम किया। यदि कांग्रेस के खिलाफ फैसला सुनाए, तो कांग्रेस नेता संवैधानिक मर्यादा को ताक में रखकर अदालत के फैसले की आलोचना करने लग जाते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी अदालत सम्मान नहीं कर देश में इमरजेंसी लगाई और विरोधी दलों के नेताओं को चुन-चुन कर जेलों में बंद किया।

# बी.डी.कल्ला ने ब्राह्मणों को 14 प्रतिशत आरक्षण की पुरजोर वकालत की

## सागवाड़ा के विप्र महाकुंभ में भरी राजनीतिक प्रतिनिधत्व की हुंकार, कहा, ''ब्राह्मण अब अपमान सहन नहीं करेगा''

- **पार्टी लाइन से हटकर बोले गौरव वल्लभ, आदिवासी नेताओं ने भी मंच सांझा किया।**
- **सागवाड़ा में विप्र महाकुंभ में 70 हजार से अधिक की भीड़ जुटी।**

सागवाड़ा, 26 मार्च (का.प्र.)। विप्र फाउंडेशन के सप्तम विप्र महाकुंभ ने हुंकार भरी कि ब्राह्मणों का अपमान अब सहन नहीं होगा। संख्या बल के अनुपात में लोकसभा व विधानसभा में टिकट, राजनीतिक रूप से आरक्षित क्षेत्र में वंचित समाज को बोर्ड निगम में प्राथमिकता से मनोनयन तथा विधान परिषद के गठन का भी मुद्दा जोर शोर से उठा।

महाकुंभ में मुखर होकर कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ बोले। उन्होंने पार्टी लाइन से हटकर कई मुद्दे रखे। गौरव वल्लभ ने कहा कि उच्च सेवाओं में विप्र बच्चे टॉप लिस्ट में आए आज ऐसे प्रस्ताव की आवश्यकता हैं। उन्होंने ब्राह्मणों को लोकसभा और विधानसभा में प्रतिनिधत्व भी अनुपात के अनुसार देने की बात की तथा पुरजोर शब्दों में कहा कि अब ब्राह्मणों का अपमान नहीं सहेंगे।

इस विप्र महाकुंभ में शिक्षा मंत्री डॉक्टर बी.डी.कल्ला ने विप्र को सामाजिक प्रतीक बताया तथा उच्च सेवा में प्रतिशत बढ़ाने की वकालत करते हुए कहा कि कोचिंग की व्यवस्था हमें करनी होगी। उन्होंने केंद्र के समक्ष 14 प्रतिशत आरक्षण की मांग उठाई और कहा कि विप्र बैंक स्थापना भी होनी चाहिए ताकि हमारे बच्चों को रोजगार मिल सके।

हरियाणा से आये कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने शिक्षा मंत्री कल्ला के भाषण के बीच हस्तक्षेप करते हुए कहा कि राजस्थान में गठित विप्र कल्याण बोर्ड को 100 करोड़ की राशि राज्य सरकार से दिलवाने की मांग रखी तथा कहा कि तभी इस बोर्ड की सार्थकता होगी।

महाकुंभ की खास बात यह रही कि जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत मालवीय, सांसद कनक मल कटारा आदि कई सर्व समाज के नेताओं ने भी मंच को सांझा किया। कटारा ने सागवाड़ा को जिला बनाने की मांग उठाई। उन्होंने बांसवाड़ा को रेल लाइन से जोड़ने की भी मांग की, जबकि जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने वागड़ की धरती का स्वर्ग बताया तथा कहा कि हम सब मिलकर आगे बढ़ेंगे।

नव नियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भी महाकुंभ को ऑनलाइन एड्रेस करते हुए विप्र फाउंडेशन की प्रसंशा करते हुए कहा कि समाज के साथ राष्ट्र निर्माण में हम सब लगे। उन्होंने महाकुंभ में नहीं पहुंचने पर क्षमा याचना करते हुए मुझे वागड़ की धरती से विशेष लगाव है। महाकुंभ में विप्र समाज की उपस्थिति पर भी खुशी व्यक्त की।

विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने कहा कि आज हम किसी के हक को छीनने नहीं, बल्कि हमे मिले अधिकारों के आधार पर भावी पीढ़ी की खुशहाली पर विचार मंथन के लिए यहां जुटे हैं। अपने बच्चों के भविष्य की चिंता करना कोई बेमानी नहीं हैं। इस विचार मंथन में सर्व समाज के प्रमुखजनों को भी हमने न्योता है जिससे हमारा समरसता, सर्वोदय का एजेंडा मजबूती से क्रियान्वयन की ओर अग्रसर रहे। कुछ अराजक तत्व गलत प्रचार कर आपसी भाईचारे को चोट पहुंचाने पर तुले हुए हैं। उसे हम सबको मिलकर रोकना होगा। ओझा ने घोषणा की कि विप्र फाउंडेशन इस वर्ष के अंत तक सभी जिलों में ई-लाइब्रेरी की स्थापना करेगा। उन्होंने ई लाइब्रेरी और छात्रावास के लिए जमीन की मांग की। उनकी इस मांग का असर यह हुआ कि बांसवाड़ा, सागवाड़ा के सभापतियों ने जमीन देने की हाथों हाथ मंच से घोषणा की।

विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम गुरुजी ने संस्कारोदय पर बल दिया। महाकुंभ की विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक एवम् मावली विधायक धर्म नारायण जोशी सहित अनेक वक्ताओं ने महाकुंभ को संबोधित किया। कई संत-महात्मा आशीर्वाद देने पहुंचे इनमे रामस्वरूप दास, रघुवरदास प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

महाकुंभ में पधारे प्रमुख राजनेताओं में गढ़ी विधायक कैलाश मीणा, आसपुर से विधायक गोपी लाल मीणा, पूर्व मंत्री भवानी जोशी, पूर्व विधायक रमेश पंडिया, बांसवाड़ा नगर परिषद के सभापति जिनेन्द्र त्रिवेदी, कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया, उदयपुर भाजपा के जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, सागवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, डूंगरपुर जिला प्रमुख खुड़िया आहारी, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के ओएसडी शैलेश शर्मा, गलियाकोट प्रधान सहित अनेक गणमान्य जन मंचासीन थे।

विप्र महाकुंभ से पूर्व विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसमें शामिल प्रतिनिधियों ने महाकुंभ में भी शिरकत की इनमे संरक्षक राधेश्याम रंगा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस एन श्रीमाली, राधेश्याम सिखवाल, राष्ट्रीय महामंत्री सीए सुनील शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री भगवान व्यास, राष्ट्रीय सचिव परमेश्वर शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री विष्णु पारीक, राष्ट्रीय सचिव प्रमोद पालीवाल, पंकज जोशी, महाराष्ट्र के अध्यक्ष सीए रामावतार शर्मा आदि मौजूद थे।

विप्र महाकुंभ में सागवाड़ा जैसी छोटी जगह पर ऐसा जन सैलाब उमड़ा कि आयोजकों की तैयारी भी कम पड़ गई। लोग बसों, कारों, टेंपो के अलावा दुपहिया वाहनों के काफिले और जुलूस के रूप में महाकुंभ में पहुंचे। जनता जनार्दन के आने का सिलसिला सुबह से प्रारंभ हो गया था जो महाकुंभ प्रारंभ होने के बाद भी देर तक चलता रहा। गलियाकोट रोड पर स्थित गायत्री शक्तिपीठ के पास कॉलेज ग्राउंड में हुए इस आयोजन के कारण आस पास का इलाका वाहनों की रेलम पेल से जाम हो गया। सागवाड़ा कस्बे में भी महाकुंभ में आने वाले वाहनों के कारण पूरा शहर थम सा गया। विप्र महाकुंभ में पुरुषों के साथ मातृ शक्ति की भी अच्छी खासी उपस्थिति थी। महिलाएं गांव गांव से मंगल गीत गाते हुए आईं।

## कर्नाटक में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जद (एस) के लिए प्रचार करने के लिए सहमत हुई हैं। कुमारस्वामी द्वारा भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के लॉन्च में भाग लेने के बाद, यह घोषणा की गई कि, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव भी, जिन्हें केसीआर के नाम से जाना जाता है, जद (एस) के लिए रैलियों को संबोधित करेंगे। अपने वोक्कालिगा-बहुल दक्षिण कर्नाटक गढ़ के साथ, जद (एस) कर्नाटक में मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है, जो क्षेत्र पहले हैदराबाद राज्य का हिस्सा था, और कित्तूर कर्नाटक जो मुंबई राज्य का हिस्सा था। कल्याण वाले चुनावी क्षेत्र कर्नाटक सीमावर्ती तेलंगाना में कई जिलों और वहां जे.डी. (एस) को उम्मीद है कि के.सी.आर. वहां पार्टी की मदद करेंगे। कुमारस्वामी ने हाल ही में कहा था, ''वे तेलुगू क्षेत्र में प्रचार करने में हमारी मदद करेंगे।''

## 'क्या एक शहीद प्रधानमंत्री का बेटा ....

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

नहीं कर रहे।

राजघाट के पास सत्याग्रह को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा, इस देश का प्रधानमंत्री कायर है। मुझ पर केस करो, जेल भेजो। लेकिन सच तो यह है कि, इस देश का प्रधानमंत्री कायर है... अपनी सत्ता के पीछे छिपा है, अहंकारी है। इस देश की एक पुरानी परंपरा है, हिंदू धर्म की एक पुरानी परंपरा है... अहंकारी राजा को जनता जवाब देती है।

प्रियंका ने कहा कि, उनके भाई राहुल गांधी, जिन्हें शुक्रवार को लोकसभा सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था, ने प्रधानमंत्री से केवल कुछ सवाल पूछे थे। उन्होंने कहा, ''आप जवाब नहीं दे सके, आप डर गए... वे लोग जो अहंकारी होते हैं, तानाशाह होते हैं और क्या करते हैं? जब वे सवालों का जवाब नहीं दे पाते हैं तो अपनी ताकत का इस्तेमाल कर लोगों को अपने अधीन करने की कोशिश करते हैं। वे सवाल उठाने वालों को कुचलने की कोशिश करते हैं।

क्या आपने इस बारे में कभी सोचा? आंखें खोलो, ये पूरी सरकार, मंत्री, सांसद... ये एक आदमी को बचाने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? इस अडानी में ऐसा क्या है जो आप इसे पूरे देश की दौलत दे रहे हैं? कि उसका नाम लेते ही आप दंग रह जाते हैं...और उसे बचाने की होड़ मच जाती है।

गांधी परिवार पर वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने के भाजपा के आरोपों का जिक्र करते हुए प्रियंका ने कहा, तो फिर भगवान राम कौन थे? उन्हें वनवास भेज दिया गया था। इसके बावजूद उन्होंने अपने परिवार, अपनी धरती के प्रति अपना धर्म निभाया। क्या वे (राम) वंशवादी शासन को बढ़ावा दे रहे थे? क्या पांडव वंशवादी शासन को बढ़ावा दे रहे थे? वे अपने परिवार के मूल्यों के लिए लड़े।

# इसरो का सबसे बड़ा रॉकेट मिशन सफल

- **ब्रिटेन के 36 सैटलाइट एक साथ लॉन्च किये।**

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), 26 मार्च (वार्ता)। इंडियन स्पेस एण्ड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) ने रविवार को शार रेंज से एक समर्पित दूसरे वाणिज्यिक प्रक्षेपण में एलवीएम-एम3 मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया, मिशन में ब्रिटेन वनवैब के सभी 36 उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में (एलईओ) में स्थापित किया गया।

एलवीएम-3 रॉकेट ने साढ़े 24 घंटे की उलटी गिनती के बाद शार प्रक्षेपण केंद्र के दूसरे नंबर के लांच पैड से सुबह नौ बजे निर्धारित समय पर उड़ान भरी और उपग्रहों को एलईओ कक्षा में स्थापित किया। 36 उपग्रहों का कुल वजन लगभग 5,805 किलोग्राम था। इसरो ने कहा कि, उड़ान के लगभग 20 मिनट बाद सभी 36 उपग्रहों को प्रक्षेपण यान से अलग किया गया और चरणबद्ध तरीके से 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया। इसरो ने कहा कि, वर्तमान मिशन, एलवीएम3-एम3, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड द्वारा ब्रिटेन के लिए दूसरा समर्पित वाणिज्यिक उपग्रह मिशन है। इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ ने मिशन कंट्रोल सेंटर के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए इस सफल मिशन के लिए इसरो और वनवेब को बधाई दी।

## जयपुर से...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की कार्यवाही तेजी से चल रही है।

## 'डिसक्वालिफाई ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ठहराए जाने के खिलाफ राजघाट पर ''सत्याग्रह'' करने की अनुमति नहीं दी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली पुलिस ने एक पत्र में कहा कि, कानून-व्यवस्था एवं यातायात संबंधी कारणों से इस अनुरोध को खारिज किया गया और राजघाट में एवं इसके आसपास दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

इससे पहले, कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के विरोध में रविवार को सभी राज्यों और जिला मुख्यालयों में महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के सामने एकदिवसीय सत्याग्रह करने की घोषणा की थी।

केरल की वायनाड सीट से लोकसभा सदस्य राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत द्वारा 2019 के मानहानि के एक मामले में दो साल जेल की सजा सुनाए जाने के मद्देनजर शुक्रवार को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया गया। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि उनका अयोग्यता संबंधी आदेश 23 मार्च से प्रभावी होगा।

## 'कांग्रेस सत्ता...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

आरक्षण खत्म कर यह कोटा हिन्दू समाज के दो वर्गों में बांटने का फैसला किया है। राज्य में लिंगायत और वोक्कालिगा समाज का एक बहुत बड़ा प्रभुत्व है।

प्रदेश भाजपा सरकार ने इन दोनों समाजों को साधने के लिए यह बड़ा फैसला लिया है।

जाहिर है कि, इससे मुसलमान समुदाय नाराज होगा तो वहीं इससे सीधे तौर राज्य में प्रभुत्व रखने वाले लिंगायत और वोक्कालिगा लोग खुश होंगे।

# राजस्थान भर से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पदभार ग्रहण में होंगे शामिल:राजेन्द्र राठौड़

## 'संकल्प सत्याग्रह के नाम पर अडानी पर आरोप लगाने वाली राजस्थान सरकार ने अडानी पर जमकर कृपा बरसाई है'

- **राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि, गहलोत सरकार श्वेत-पत्र जारी कर बताए कि, प्रदेश में अडानी को कहां-कहां रियायतें दी हैं।**

जयपुर, 26 मार्च (का.सं.)। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में विधानसभा उप-नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने बताया कि न्यायालय द्वारा दो वर्ष की सजा के निर्णय से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सांसद सदस्यता रद्द हो जानें के विरोध में कांग्रेस द्वारा संकल्प सत्याग्रह का कार्यक्रम प्रदेश में पूर्णत: विफल साबित हुआ।

राठौड़ ने कहा कि, कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के उद्योग समूह अडानी को केन्द्र सरकार द्वारा गैर वाजिब रियायते देने का अपराधिक षडयंत्र के झूठे आरोप लगा रहे है वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत देश के प्रतिष्ठित उद्योग समूह अडानी को अपने कालखंड में इतनी रियायते, भूमि सहित अन्य आर्थिक सहयोग देने का कार्य किया है व अभी 75 हजार बीघा और भूमि देने का एम.ओ.यू भी किया है, इस पर अपना स्पष्टीकरण दे एवं श्वेत पत्र जारी करे।

राठौड़ ने प्रदेश में वर्तमान समय में राइट टू हेल्थ बिल को लेकर आंदोलन रत चिकित्सकों के प्रति एवं चिकित्सा व्यवस्था रूक जाने से जीवन का संकट झेल रहे मरीजो के प्रति सरकार का रवईया बेहद अंसवेदनशील और गैर जिम्मेदाराना है। सरकार को तुरंत प्रभाव से वार्ता के माध्यम से चिकित्सों की हडताल को खत्म करवाना चाहिए, क्योकि अब यह मामला राष्ट्रव्यापी होता जा रहा है।निजी चिकित्सको के प्रति सरकार का यह रवैया सरकार की हठ धर्मिता को दर्शता है।मुख्य सचिव के नेतृत्व में गठित कमेटी में कि गई वार्ता के अलावा भी राइट टू हेल्थ बिल में कई ऐसे प्रावधान लाए गए जिनको लेकर चिकित्सक विरोध कर रहे है। सरकार को अपनी हठधर्मता छोडकर नए सिरे से जनमत के आधार पर चिकित्सकों एवं आम जनता के बीच चर्चा करवा कर राइट टू हेल्थ बिल पर निर्णय करना चाहिए। ना कि जनता को अधिकार देने के नाम पर चिकित्सकों एवं जीवन का संकट झेल रहे मरीजों के साथ खिलवाड करना चाहिए।

राठौड़ ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के कार्यकाल पर बोलते हुए कहा कि भाजपा संगठन आधारित पार्टी है,यहां कार्यकर्ता का महत्व माना जाता है 50 हजार फोटो युक्त बूथ समिति एवं सत्ता के विरूद्ध कई आंदोलन सतीश पूनिया के नेतृत्व में हुए व अच्छा कार्यकाल रहा।

सोमवार को प्रदेश मुख्यालय पर होने वाले भाजपा राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सीपी जोशी दिल्ली आवास से प्रात: 7 बजे रवाना होंगे और 12:40 पर विधि विधान से पदभार ग्रहण करेंगे सडक मार्ग से जयपुर आ रहे प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का 8:30 बजे शाहजाह बार्डर पर स्वागत होगा इसके बाद बहरोड विराटनगर पावटा के कार्यकर्ता पावटा में,शाहपुरा में आमेर चोमू जमवाराम गढ के कार्यकर्ता आमेर कुंडा में हजारों की संख्या में भव्य स्वागत करेंगे, पिछले दो दिनों से भाजपा के हजारों कार्यकर्ता की टीम स्वागत कार्यक्रम की तैयारी में जुटी है जयपुर शहर में भी अनेकों स्थानों पर जयपुर शहर के कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा।

पदभार ग्रहण के बाद नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का जयपुर मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर एवं जयपुर अराध्यदेव गोविंद देव जी के दर्शन कार्यक्रम रहेगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908




समय पर पेमेंट | घर-पर इवैल्यूएशन | चिंता-मुक्त डॉक्यूमेंटेशन

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com

*Terms and Conditions apply. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Creative visualization. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper.

**JAIPUR: PADMAWATI COLONY- II, OPPOSITE METRO PILLAR NO 25, MANSAROVER METRO STATION JAIPUR,** VIPUL MOTORS PVT. LTD.: 9829351470, 9509157505, 9351044999 | **E-101, ROAD NO. 8, VKIA AREA, JAIPUR,** PREM MOTORS: 8058794068, 8058791634, 8058794091 | **E-197(A), RIICO INDUSTRIAL AREA, MANSAROVAR, JAIPUR,** KP AUTOMOTIVIES: 9116190342, 9116190346 | **B 1 GOVIND MARG, RAJAPARK OPP. PINK SQUARE MALL,** KP AUTOMOTIVE: 9549650533, 9116190344 | **A-209, RAJENDRA PRASAD NAGAR, 200FT BYPASS, AJMER ROAD, JAIPUR,** SATNAM MOTOCORP. 7413900007, 7413900009, 7821823626 | **13 JHOTWARA INDUSTRIAL AREA, NEAR JHOTWARA POLICE STATION, JAIPUR,** KTL: 7412068475, 9209056789.